भाद्रपद कृष्ण पक्ष-5, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 63 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
24 अगस्त 2024
शनिवार

आज का मौसम
30 अधिकतम
23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page- 7



# शिखर धवन का सन्यास, क्रिकेट इंडिया में गब्बर युग का समापन

## ‘तुम इस बात के लिए दुखी मत होना...’

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के विस्फोटक बल्लेबाज शिखर धवन ने शनिवार को सुबह फिर एक ‘विस्फोट’ किया। उन्होंने एक भावुक पोस्ट लिखकर इंटरनेशनल और डोमेस्टिक क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया। इसीके साथ भारतीय क्रिकेट में गब्बर युग का समापन हो गया। ‘गब्बर’ के नाम से मशहूर बाएं हाथ का यह बल्लेबाज लंबे समय से टीम से बाहर चल रहा था। यह भी उनके रिटायरमेंट की वजह मानी जा रही है। टीम में शुभमन गिल सरीखे युवा ओपनर्स के आने के बाद से उनकी टीम में वापसी भी मुश्किल मानी जा रही थी। वह आईपीएल खेलेंगे या नहीं इस बारे में फिलहाल कोई खुलासा नहीं किया गया है। लगभग 39 साल के हो चुके शिखर धवन ने भारत के लिए पहली बार 2010 में वनडे क्रिकेट खेला था, इसके बाद टी-20 और फिर टेस्ट फॉर्मेट में डेब्यू का मौका मिला।

### तूफानी पार्टनर के साथ जुगलबंदी



मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा और शिखर धवन ने मिलकर कई साल तक भारतीय टीम के लिए ओपनिंग की। दोनों टीम को तूफानी शुरुआत दिलाने के लिए मशहूर थे। शिखर धवन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर डेब्यू करते हुए किसी पदार्पण खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज टेस्ट शतक लगाकर सिलेक्टर्स को चौंका दिया था। दिल्ली के रहने वाले धवन एक आक्रामक बल्लेबाज थे, जो गेंदबाजों के परखच्चे उड़ाते रहे। अपनी घुमावदार मूंछों से नया स्टाइल स्टेटमेंट बनाने वाले धवन का कैच लपकने के बाद जांघों पर हाथ मारने का सिग्नेचर स्टाइल हमेशा याद रखा जाएगा।

### शिखर ने कहीं ये बातें....

1 मिनट 17 सेकंड के वीडियो में शिखर ने कहा- ‘नमस्कार सभी को... आज मैं एक ऐसे मोड़ पर खड़ा हूं, जहां से पीछे देखने पर केवल यादें ही नजर आती हैं, और आगे देखने पर पूरी दुनिया....। मेरी हमेशा से एक ही मंजिल इंडिया के लिये खेलना, वो हुआ भी, इसके लिए मैं कई लोगों का शुक्रगुजार हूं, सबसे पहली मेरी फैमिली, बचपन के कोच तारक सिन्हाजी,मदन शर्मा, जिनके अंडर मैंने क्रिकेट सीखी। मैं बस खुद से यही कहता हूं कि तुम इस बात से दुखी मत हो कि अब तुम देश के लिए नहीं खेलोगे, बल्कि इससे खुश हो कि तुम देश के लिए बहुत खेले।’

## रूस के साथ तेल का गणित जेलेंस्की को समझाया मोदी ने



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूक्रेन दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के बाद की स्थिति पर सभी की नजरें हैं। उन्होंने राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण भी दिया तो जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें ‘महान’ देश की यात्रा करके खुशी होगी। खास बात यह है कि मोदी ने जलेंस्की को रूस के साथ अपने संबंधों और उसकी अहमियत को भी समझाया है। कल मोदी ने कीव की लगभग नौ घंटे की यात्रा की जो तीन दशक पहले यूक्रेन के आजाद होने के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। इन दोनों नेताओं के बीच बातचीत के बाद मीडिया ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत ने यूक्रेन के साथ इंडिया के तेल सौदे पर उनकी चिंताओं का जवाब दे दिया है। भारत ने यूक्रेन को मौजूदा तेल बाजार की स्थिति, भारत पर पड़ने वाले इसके असर, रूस से तेल खरीदने की भारत की रणनीतिक जरूरत और वर्ल्ड इकोनॉमी पर इसके असर को समझाया है। जयशंकर ने पुष्टि की कि मोदी ने जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि हमारे प्रधानमंत्री ने 1992 के बाद पहली बार यूक्रेन का दौरा किया है. ऐसे अवसरों पर यह स्वाभाविक है कि वह निमंत्रण दें,। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि अपनी सुविधा के अनुसार, जेलेंस्की भारत आएंगे।

## अब राजनीति में भी दांव-पेच आजमाएंगी विनेश फोगाट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में 100 ग्राम ज्यादा वजन की वजह से पदक जीतने से चूकीं भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को दिल्ली में हरियाणा के सांसद दीपेंद्र हुड्डा और उनके परिवार के साथ मुलाकात की। इससे राजनीतिक गलियारों में ऐसी अटकलें तेज हो गई कि कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर चुकीं विनेश जल्द ही कांग्रेस के साथ राजनीतिक पारी शुरू कर सकती हैं। बताया जा रहा है कि वे प्रियंका गांधी से भी मुलाकात कर सकती हैं। हरियाणा के सांसद हुड्डा ने विनेश के साथ मुलाकात की फोटो सोशल मीडिया पर साझा की। चर्चाएं तो ये भी रहीं कि विनेश शुक्रवार को प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी के अन्य नेताओं से भी मिलने वाली हैं। वह खिलाडियों के धरने के दौरान उनसे मिली थीं। वैसे, स्वदेश लौटने के बाद से ही विनेश फोगाट लगातार हुड्डा परिवार के साथ संपर्क में हैं। यह उनकी तीसरी मुलाकात थी। बताया जा रहा है कि इसके बाद प्रियंका गांधी से विनेश मुलाकात कर सकती हैं। पेरिस ओलंपिक में उम्दा प्रदर्शन के बाद प्रियंका ने सोशल मीडिया पर बधाई देकर विनेश से मिलने की इच्छा जताई थी। यह मुलाकात इसी संदर्भ में देखी जा रही हैं। हालांकि पिछले कुछ दिनों से विनेश के कांग्रेस में शामिल होने और चुनाव लडने् की चर्चाएं हैं।



### मैदानी पुलिस व प्रशासनिक अफसरों के लिए *वीक-एंड मंथन*

# बारिश के नए दौर में तबादलों के बादल फिर उमड़े, हलचल बढ़ी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र की नौकरशाही में हलचल फिर बढ रही है। वजह फिर प्रशासनिक सर्जरी की आहट है। हाल में मोहन यादव सरकार ने आईएएस अफसरों की तबादलों के कई दौर चलाए हैं। फिर संशोधन हुए हैं, अफसरों की लूपलाइन से मुख्यधारा में लाने की कोशिशें भी हुई है लेकिन अब कुछ आईएएस के साथ ही सीनियर आईपीएस अफसरों के तबादलों की हलचल बढ रही है। जानकार सूत्रों का कहना है कि सरकार भोपाल और इंदौर जैसे कुछ बडे जिलों में परिवर्तन पर विचार कर रही है। भोपाल में कमान हासिल करने के लिये यहां पदस्थ रहे पुराने तीन अफसर अपनी संभावना को पुख्ता करने की कोशिश में हैं। इसके अलावा राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कुछ और जिलों में भी परिवर्तन के आसार हैं। हालांकि कुछ दिन पहले भी सरकार ने जिलों के कप्तान बदले हैं लेकिन सूत्रों की मानें तो पुलिस कमिश्नर प्रणाली वाले जिलों पर भी आजकल खास गौर किया जा रहा है।

### राजधानी में सीपीए को फिर जिंदा करने की कोशिशें तेज हुईं



दो साल पहले नाटकीय तरीके से बंद किये गये राजधानी परियोजना प्रशासन को फिर जिंदा करने के प्रयास हो रहे हैं। बताया जाता है कि इसके लिये जिम्मेदार अफसरों को जरूरी आकलन करने और प्रस्ताव बनाकर कैबिनेट के विचार के लिये लाने को भी कहा गया है। तत्कालीन शिवराज सरकार के समय सीपीए को बंद करने का फैसला हुआ था। तब अतिवर्षा के कारण भोपाल शहर की सड़कों की हालात खराब होने पर तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह उखड गये थे। हालांकि यह सरकारी कागजों पर काफी समय तक रेंगता रहा। अब भोपाल की सड़कें, उद्यान और शासकीय भवनों के रखरखाव से जुड़े कार्य प्रभावित होने की मंत्री, विधायकों तक की शिकायतों के बाद नए सिरे से पुनर्गठित करने के लिये होमवर्क हो रहा है। सरकार नगरीय विकास, आवास, लोकनिर्माण, वन सहित अन्य संबंधित विभागों से अभिमत मांग चुकी है। अधिकतर पुनर्गठन के पक्ष में बताए जाते हैं। माना जाता है कि राजधानी परियोजना को बंद करने में कुछ शीर्ष अफसर उस वक्त बहुत सक्रिय थे।

## आज पूरे मप्र में बारिश, कई बांधों के गेट खुले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्यप्रदेश में तेज बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है।आज पैंतालीस जिलों में बारिश का अलर्ट है। भोपाल में बीते दोपहर से जारी बारिश ने रात में भी आराम नहीं किया। करीब आठ भदभदा डैम का एक गेट खोलना पडा। दो गेट से पानी छोड़ा जाता रहा। वहीं, कलियासोत डैम का भी एक गेट खोला है। इंदौर में तेज बारिश से शिप्रा नदी उफान पर है। उज्जैन में शिप्रा के घाट पर मंदिर डूब गए हैं। इंदौर कलेक्टर ने आज सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है। नर्मदापुरम में आज तवा डैम के तीन गेट 5-5 फीट तक खोल दिए गए हैं। रीवा में बाणसागर बांध का पानी भी खतरे के निशान के करीब है। उधर उत्तर प्रदेश के मथुरा में भी करीब 8 घंटे तक तेज बारिश हुई। इससे शहर के कई इलाकों में 5-6 फीट तक पानी भर गया, सड़कों पर खड़े वाहन डूब गए और सड़क धंस गई। त्रिपुरा में पिछले 6 दिनों में भारी बारिश, बाढ़ और लैंडस्लाइड के कारण 17 लाख लोग प्रभावित हैं। 24 लोगों की मौत हो चुकी है। 2 लोग लापता हैं। 65 हजार लोग रिलीफ कैंप में हैं।

## उद्योगों को दक्ष वर्कफोर्स उपलब्ध कराने वाली संस्था की जरूरत

### क्रिस्प की बैठक में सीएम



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज कहा कि चयनित विधाओं की ट्रेंनिग के लिये क्रिस्प को ऐसे कोर्स भी डिजाइन करना चाहिये। आज यहां क्रिस्प की साधारण सभा की बैठक को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि क्रिस्प को ऐसी प्रमुख संस्था बनना चाहिये जो उद्योगों को दक्ष मानव संसाधन मुहैया करा सके। क्रिस्प द्वारा बहुमुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाने चाहिये यह कार्यक्रम रोजगारपरक हों तथा इसका लाभ उद्योग विभाग और इंजीनियरिंग कॉलेज, आईटीआई को मिले। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्योग मंत्री चेतन कश्यप,स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह भी मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर**

### केन्द्र सरकार ने साधी चुप्पी अब सुप्रीम कोर्ट करेगा फैसला

# कार लाइसेंस पर चला सकेंगे ट्रैक्टर फैसला करीब!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यदि लाइट मोटर व्हीकल यानि एलएमवी ड्राविंग लाइसेंस पर ट्रैक्टर चलाने की मंजूरी मिले तो? दरअसल करीब 7 साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर आपके पास एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस है, आप इसका इस्तेमाल ट्रैक्टर या रोड रोलर चलाने के लिए कर सकते हैं, बशर्ते वाहन का वजन 7,500 किग्रा से अधिक न हो। लेकिन अब कोर्ट उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर अपना फैसला सुनाने वाला है। इसके बाद यह तय किया जा सकेगा कि, हल्के मोटर वाहन का ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाला व्यक्ति ट्रैक्टर जैसे वाहन को चला सकता है या नहीं। उच्चतम न्यायालय ने तीन दिन पहले ही कानूनी प्रश्न ‘क्या हल्के मोटर वाहन (LMV) का ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाला व्यक्ति 7,500 किलोग्राम से अधिक भार वाले वाहन को चलाने का भी हकदार है?.’ पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इस कानूनी सवाल ने LMV लाइसेंसधारकों के परिवहन वाहनों से संबंधित दुर्घटना मामलों में बीमा कंपनियों द्वारा दावों के भुगतान को लेकर विभिन्न विवादों को जन्म दिया है। 21 अगस्त को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने संकेत दिया कि वह चुनौती से उत्पन्न होने वाले प्रश्नों पर सरकार के विचार प्रस्तुत करने का इंतजार नहीं करेगी। यानी जल्द से जल्द इस पर फैसला ले सकती है। नौ महीने केंद्र ने अदालत को सूचित किया था कि वह मोटर वाहन अधिनियम की धारा 2(21) और 10 का मूल्यांकन करेगा लेकिन तब से सरकार ने अदालत से कोई संपर्क नहीं किया गया है।

### कैसे शुरू हुआ यह मामला



बताया जाता है कि 2017 में, सुप्रीम कोर्ट को तय करना था कि, LMV के लिए ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाले व्यक्ति को ट्रांसपोर्ट वाहन चलाने के लिए अलग से लाइसेंस प्राप्त करना जरूरी है। तब अदालत ने कहा कि हल्के वाहन चलाने का लाइसेंस रखने वाला कोई भी व्यक्ति रोड-रोलर, ट्रैक्टर और ‘परिवहन वाहन’ (जैसे माल वाहक या स्कूल/कॉलेज बसें) भी चला सकता है, बशर्ते वाहन का वजन 7,500 किलोग्राम (बिना किसी अन्य भार के) से ज्यादा न हो। यहां कोर्ट ने ‘Unladen’ यानि बिना लदे शब्द का प्रयोग किया था। बिना लदे वजन का मतलब है केवल वाहन का वह वजन जिसमें चालक, यात्री या कोई अन्य भार शामिल न हो।

### क्या कहता है मोटर व्हीकल एक्ट

मोटर वाहन अधिनियम की धारा 10 के तहत, प्रत्येक ड्राइविंग लाइसेंस में वाहनों की कैटेगरी की पहचान होनी चाहिए जिन्हें लाइसेंस धारक को चलाने की अनुमति है। यह धारा ‘हल्के मोटर वाहन’ (LMV) और ‘परिवहन वाहन’ को दो अलग-अलग श्रेणियों में बांटती है. वहीं M VA सेक्शन 2(21) के तहत, LMV को एक परिवहन वाहन या बस के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसका कुल वजन 7500 किलोग्राम से अधिक नहीं हो।

## तो अपमान एससीएसटी एक्ट के तहत नहीं: सुप्रीम कोट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एससी या एसटी समुदाय से संबंधित मामले में एक अहम फैसला सुनाया,इसमें कहा कि किसी व्यक्ति का अपमान या अपमान, उसकी जाति, जनजाति या अस्पृश्यता की अवधारणा के बारे में संकेत दिए बिना, एससीएसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के कड़े प्रावधानों के तहत अपराध नहीं होगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने यह फैसला ऑनलाइन मलयालम समाचार चैनल के संपादक शाजन सकारिया को अंतरिम जमानत देते हुए दिया। सकारिया को एससी/एसटी समुदाय से संबंधित सीपीएम विधायक पीवी श्रीनिजन को ‘माफिया डॉन’ कहने के लिए इस अधिनियम के तहत बुक किया गया व जमानत से वंचित कर दिया गया था।

## अभिनेता नागार्जुन के कन्वेंशन हॉल पर चला बुलडोजर

**हैदराबाद।** तेलंगाना में मशहूर तेलुगु अभिनेता नागार्जुन पर हैदराबाद आपदा प्रबंधन एवं संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) ने बड़ी कार्रवाई की है। हाइड्रा ने नागार्जुन के कन्वेंशन हॉल पर बुल्डोजर चला दिया है। हाइड्रा और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कन्वेंशन हॉल को जमींदोज कर दिया गया। यह हॉल रंगारेड्डी जिले के शिल्परामम के पास स्थित था। दरअसल, यह भूमि एफटीएल जोन के अंतर्गत आती है।

# एनसीसी शिविर में स्कूल-कॉलेज के 600 कैडेट्स हो रहे शामिल



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश के 1 कम्पोटेक रेजिमेंट एनसीसी भोपाल का बारहवां संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कैंप का आयोजन कमांडेंट कर्नल नितिन भंवर के निर्देशन में केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में किया जा रहा है। जिसमें बिलकिसगंज, ब?ी, उदयपुरा और बमुश्किल से स्कूल और कॉलेज के 600 कैडेट्स शिविर में शामिल हुए हैं। शिविर आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य के संबंध में कैडेट्स को जानकारी दी गई। साथ ही कैडेट्स को ए, बी, सी एवं डी चार टीम में बांटा गया, जिसमें उनके बीच खेल एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर नवनीत गुरंग एवं अन्य मौजूद थे। कैंप कमांडेंट ने ओपनिंग एड्रेस में कैडेट्स को एनसीसी के उद्देश्य, उन्होंने कैडेटों को एनसीसी की नैतिकता के बारे में बताया कि सच्चे, ईमानदार और आज्ञाकारी बनें। मानवीय, सुसंस्कृत और दयालु बनें। अपने प्रशिक्षकों, माता-पिता और साथी कैडेटों के प्रति सम्मानजनक रहें। हर समय समय के पाबंद और अनुशासित रहें। कर्नल नितिन ने बताया की एनसीसी कैंप से युवाओं में चरित्र, साहस, भाईचारा, अनुशासन, नेतृत्व, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना और खेल कौशल के गुणों के साथ-साथ निस्वार्थ सेवा के आदर्शों को विकसित करके उन्हें उपयोगी, एक अच्छा नागरिक बनाया जाता है। अग्निवीर भर्ती और कमीशन भर्ती की जानकारी भी दी। इसके साथ शिविर में कैडेट्स को एबीसीडी कंपनी के ग्रुप में शामिल किया गया। इसके साथ ही वायरल सीजन से बचाव के उपाय बताया गया।

### पीटी, ड्रिल और स्पोर्ट्स

कैम्प में कैडेट्स के रूटीन की शुरुआत पीटी, ड्रिल से हुई, परेड में दिखा कैडेट्स का उत्साह। कैम्प की आगामी एक्टिविटी में चारों कम्पनीज के बीच स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन भी होंगे। शिविरों के दौरान कैडेटों को सिकल सेल और थैलेसीमिया जैसे आनुवंशिक विकारों के बारे में जानकारी और जागरूकता मिलेगी, यहां तक कि उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए सिकल सेल और थैलेसीमिया जांच भी की जाएगी।











## रेलवे अंडरब्रिज की हालात खराब

राजधानी में लगातार हो रही तेज बारिश के कारण शहर के रेलवे अंडरब्रिज की हालत काफी खराब हो गई जिसमें नागरिकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### यही सीजन डेंगू के फैलाव के लिए होता है सबसे मुफीद लेकिन अफसर बेपरवाह

# क्या डेंगू से मौत का इंतजार!

## भोपाल समेत प्रदेश भर में की जा रही अनदेखी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में डायरिया से हुई मौत के बाद अब डेंगू का खतरा मंडरा रहा है। इसकी वजह जिम्मेदारों की अनदेखी है जो भोपाल से लेकर प्रदेश के अलग-अलग शहरों में देखने को मिल रही है। यहां साफ जमा पानी की निकासी ठीक से नहीं होने के मामले सामने आ रहे हैं जो कि डेंगू के लार्वा को पनपना के लिए सबसे मुफीद स्थिति होती है। यही लार्वा मच्छर का रूप लेते हैं और फिर इनके काटने से डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। इसकी शुरुआत हो चुकी है भोपाल समेत प्रदेश के अन्य शहरों में डेंगू के मरीज रिपोर्ट होने लगे हैं।

उल्लेखनीय कि पिछले वर्ष इसी सीजन में 500 से अधिक डेंगू के मरीज मिले थे यहां आंकड़ा केवल भोपाल का था। प्रदेश की स्थिति अलग थी। जब डेंगू के मरीज बढ़ने लगे तब जाकर जिम्मेदार हरकत में आए और साफ सफाई अभियान में तेजी लाई थी। विशेषज्ञों के अनुसार यही काम डेंगू के मरीज रिपोर्ट होने से पहले होता तो संभवत मरीज सामने नहीं आते। इस बार भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। भोपाल का पुराना इलाका बेहतर साफ सफाई से जूझ रहा है। यहां जगह-जगह जल भराव की स्थिति है। कई घरों में भी साफ पानी नहीं बदला जा रहा है। नए शहर की झुग्गी बस्तियों के आसपास पानी थमने की शिकायते सीएम हेल्पलाइन पर आम हो गई है लेकिन न तो जिला मलेरिया विभाग को इसकी चिंता है और न ही नगर निगम इस पर तवज्जो दे रहा है।




### डायरिया से हो चुकी है प्रदेश में कई मौतें

बारिश के इस सीजन में अब तक डायरिया से प्रदेश में कई मौतें हो चुकी है सबसे पहले मौत रीवा में रिपोर्ट हुई थी उसके बाद प्रदेश के अलग-अलग जिलों से डायरिया के कारण मौत की खबरें आ रही है हालांकि स्वास्थ्य विभाग इन मौतों का एक जाई आंकड़ा छिपाने में जुटा हुआ है ताकि असलियत बाहर ना सके। यह मौतें साफ पानी की कमी के कारण होना सामने आई है।

# अंतरिक्ष विज्ञान में लगातार हो रहे शोध, युवाओं को अच्छे मौके: प्रो. वाहिया



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर प्रदेश के स्कूलों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। भोपाल के सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। सुभाष स्कूल की सुबह कालीन सभा में वरिष्ठ शिक्षक एकता पाठक, सीमा माथुर और दीवान सिंह ने बच्चों को वर्चुअल क्लासरूम के माध्यम से श्यामला हिल्स स्थित रीजनल साइंस सेंटर में हुए कार्यक्रम से जोड़ा। कार्यक्रम के माध्यम से मुंबई के डिपार्टमेंट ऑफ एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स के ख्याति प्राप्त सेवानिवृत्त वैज्ञानिक प्रो. मयंक वाहिया ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम अतीत, वर्तमान एवं भविष्य विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी बच्चों को दी। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष विज्ञान में लगातार शोध हो रहे हैं। इस क्षेत्र में युवाओं को अच्छे मौके मिलेंगे। इसके लिए बच्चों को इस विषय में अभी से तैयारी करना चाहिए।

**शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान:** भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य शिक्षा केन्द्र से 160 मास्टर ट्रेनर्स और राज्य शोध समूह के 10 एसआरजी ने अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम में अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया किया गया अंतरिक्ष विज्ञान का उपयोग अब दुनिया में कई क्षेत्रों में किया जा रहा है। सेटेलाइट के माध्यम से हर विषय की जानकारी शीघ्रता से सभी संबंधित समूहों तक पहुंचाई जा रही है। इससे व्यक्ति का जीवन सरल हुआ है। प्रतिभागियों को बताया गया कि सेटेलाइट से प्राप्त खनिज की खोज, मौसम सहित प्राकृतिक आपदा से संबंधित जानकारी का उपयोग महत्ता के साथ किया जा रहा है। स्कूलों में हुए कार्यक्रम में बच्चों ने अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित सवाल शिक्षकों से पूछे जिनका समाधान किया गया।

# भारत की आंतरिक्ष गाथा जानी संत कॉलेज की छात्राओं ने

### गर्ल्स कॉलेज में हुआ आयोजन



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय, भोपाल में भौतिकी विभाग ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया। कार्यक्रम, 'चंदमा को छूते हुए जीवन को छूना भारत की अंतरिक्ष गाथा' विषय पर आधरित था। यह उत्सव न केवल पूर्ववर्ती असाधारण उपलब्धियों का प्रतिबिंब था, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का एक प्रकाशस्तंभ भी था, जो दुनिया को आकार देने में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा परवानी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में जिज्ञासाओं को जाग्रत करने के साथ और एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष अन्वेषण ने लगातार मानवीय ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाया है और भारत की अपनी अंतरिक्ष यात्रा धैर्य और नवाचार का एक श्रेष्ठ उदारहण रही है।

कार्यक्रम में दीपिका मेवाड़ा, कविता मेवाड़ा ने अंतरिक्ष अन्वेषण के महत्व और इसके समाज पर प्रभाव के बारे में अपने विचार साझा किए तथा साथी छात्राओं को अंतिरक्ष के रहस्?यों को जानने एवं उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

## खटवानी ने मंदिरों में टेका माथा, लिया आशीर्वाद

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

झूलेलाल चालीहा के दौरान पूर्व पार्षद भारती खटवानी और भाजपा नेता महेश खटवानी ने झूलेलाल मंदिर में आरती में भाग लेकर मथा टेक कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पुरषोत्तम हरचंदानी किरण वाधवानी, शेरू रीझवानी, राजकुमार वाधवानी रमेश रामचंदानी, जानकी लाल भारानी, ने भारती खटवानी और महेश खटवानी का स्वागत किया। मोहन मनवानी, चंद्रभान रीझवानी विशनू नाथानी, अजय आहूजा, नरेश बेलानी, हितेश वाधवानी, लोकेश वाधवानी, कमलेश तोलानी, नानक लालवानी, जगदीश लालवानी, नारी तनवानी साहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## टैंपल ऑफ संबोधि में जन्माष्टमी मनेगी

**हिरदाराम नगर।** वन ट्री हिल्स स्थित टैंपल ऑफ संबोधि, संतनगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। 26 अगस्त को सुबह 10 बजे से वेदांत संत लालसाईंजी के सानिध्य में जन्माष्टमी उत्सव की शुरूआत होगी। संबोधि के अनुयायी कान्हा का जन्म उत्सव, भजन कीर्तन एवं सत्संग सभा के साथ मनाएंगे।

**मेट्रो एंकर**

### सिंधी धर्मगुरू की संतनगर में सत्संग सभा

# जीवन में नाम की बड़ी अहमियत : साईं साधराम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

जीवन में नाम की बड़ी अहमियत होती है। नाम से ही उम्मीद है, तपस्या है और चाहत है। नाम बहुत सोच समझकर रखना चाहिए। कई परिवारों में बुजुर्गों द्वारा दिए हुए नाम से बच्चों का नामकरण होता है। यह उद्गार पाकिस्तान से आए साई साधरामजी ने सत्संग सभा में व्यक्त किए। सत्संग सभा में सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी और मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने साईंजी का आशीर्वाद लिया। साई साधरामजी ने कहा कि अपने बच्चों का नाम रखने के साथ संस्कारों की शुरूआत करें। ऐसे नाम रखें, जिसमें प्रभु स्मरण हो और आत्मीयता का भाव। अपने व्यवहार से बच्चों को संस्कारवान बनाएं। आपका नाम बच्चे नाम रोशन करें, इसके लिए आपके प्रयास बचपन से जरूरी होंगे। नामकरण में वह शक्ति है जिसे कोई मिटा नहीं सकता। नाम से ही व्यक्ति की पहचान होती है और नाम से ही व्यक्ति के डाले गए संस्कार हम सबके सामने आते हैं।



### साईं के भजनों पर झूमे लोग

सत्संग के दौरान साईंजी से आशीर्वाद लेने के लिए ब?ी संख्या में सिंधी समाज के लोग पहुंचे। अपनी शंकाओं का समाधान भी किया। समस्याओं का निदान साईंजी ने पर्ची पर लिखकर दिया। साई के अनुयायी उनके भजनों पर झूमकर नाचे।

# ९० के दशक के फिल्मी गीतों एकल नृत्य प्रतियोगता




**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल में बच्चों ने 90 के दशक के फिल्मी गीतों पर एकल नृत्य प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यालय के प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों के समग्र विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम अहम रौल निभाते हैं। नृत्य स्वस्थ रहने के लिए सबसे अच्छा व्यायाम भी है। नृत्य प्रतियोगिता में बालीवुड की 90 के दशक में आई फिल्मों के गीतों पर प्रस्तुतियां दी गईं। नृत्य विभाग की प्रमुख योग्यता शर्मा, भूपेश पाठक, जय रिझवानी एवं निशांत चंदनानी ने विजेताओं का चयन किया।

## मुख्यमंत्री ने आनंद विभाग की समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए निर्देश

# कितने खुश हैं आम नागरिक और कर्मचारी यह पता लगाएगी सरकार

### प्रसन्न रहने के प्रशिक्षण भी देगी सरकार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश के आम नागरिक और विभागों में काम करने वाले अधिकारी कर्मचारी कितने खुश हैं, सरकार यह जानने के लिए अध्ययन करावयेगी। यह अध्ययन उच्च शिक्षा विभाग करेगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार इसके निर्देश दिए हैं। इस अध्ययन के सामने आने के बाद लोगों को प्रसन्न रहने के तरीके बताए जाएंगे। इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण की कार्य योजना सरकार के आनंद विभाग द्वारा तैयार की जा रही है।

### जब सीएम ने कहा- हमारे प्रदेश के लोग कितने खुश यह दूसरे राज्य के संस्थान कैसे बताएंगे

*समीक्षा बैठक में अफसर ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे एक अध्ययन करने जा रहे हैं जिसमें यह पता लगाएंगे की लोग कितने खुश हैं और खुशी के पैमाने और क्या हो सकते हैं। यह जानकारी भी दी कि उक्त अध्ययन पश्चिम बंगाल के खड़गपुर आईआईटी से करने पर विचार किया जा रहा है। इस पर मुख्यमंत्री नाराज हो गए। मुख्यमंत्री का कहना था कि हमारे मप्र के लोग कितने खुश हैं, यह आईआईटी खड़गपुर कैसे बताएगा? हमारे पास भी उच्च शिक्षा जैसे विभाग हैं, जिसके पास एक से बढ़कर एक संस्थान हैं। इन्हीं में से किसी से अध्ययन कराएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति के आदर्श पुरुषों और ऐतिहासिक पात्रों के जीवन से आज के युवा वर्ग को सीख देने के लिए अन्य विभागों से समन्वय कर रूपरेखा तैयार करें। हमारी संस्कृति के आदर्श महापुरूषों पर प्रकाशित कृतियों को आनंद विभाग विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों तक पहुंचाए। वैचारिक और रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रत्येक जिले में एक केंद्र अथवा भवन हो, जो नगरीय विकास विभाग की सहभागिता से बने। ये भवन मांगलिक भवन से भिन्न हो और यहां शहर के प्रबुद्ध वर्ग के साथ आम नागरिकों की उपस्थिति में रचनात्मक कार्यक्रम संचालित होना चाहिए। आनंद विभाग अपनी गतिविधियों का संचालन, खेल, स्कूल, उच्च शिक्षा विभाग और जन अभियान परिषद जैसी संस्थाओं का सहयोग लेकर संयुक्त रूप से करें। आनंद विभाग के कार्यों में बुजुर्गों की सेवा को भी जोड़ा जाए, 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को विभिन्न बीमा योजनाओं से जोड़कर स्वास्थ्य लाभ अथवा उपचार की जरूरत पर अस्पताल तक पहुंचाने जैसे काम हों।*

### ये देंगे प्रशिक्षण

सरकार तनाव मुक्ति और आनंदित व्यवहार के लिए प्रशिक्षण देने आनंद विभाग ने योजना तैयार की है। इसमें ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी, नगर निगम और नगर पालिका के कर्मचारी एवं पुलिसकर्मी शामिल किए जाएंगे। आनंद ग्राम भी विकसित किए जाएंगे। पायलट आधार पर ऐसे ग्राम, जहां सद्भावना, भाईचारा, परस्पर सहयोग और आनंद का भाव प्रमुख हो, उन्हें उदाहरण के रूप में सामने लाया जाएगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा और आनंद विभाग रश्मि अरुण शमी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

## बारिश में खस्ता हो चुकी है प्रदेश की हजारों किलोमीटर सड़कें

# सरकार ने 3 दिन में तलब की खराब सड़कों की जांच रिपोर्ट

### - पीडब्ल्यूडी और एमपीआरडीसी की सड़कों के हाल पर बबाल

### - अफसरों को आज से 3 दिन तक मैदान में रहना होगा, चौथे दिन देनी होगी रिपोर्ट





**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश की हजारों किलोमीटर सड़कें बारिश का आधा सीजन भी नहीं झेल पाई और जगह से उखड़ गई। इन पर से गुजरने वाली राहगीर परेशान है, वाहनों की हालत खराब हो ही रही है वाहन चालकों और उसमें सफर करने वाले आमना राहगीरों को भी झटके खाने पड़ रहे हैं। कई लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं तो दुर्घटनाएं भी पहले से बढ़ गई है। यही हाल रहा तो हादसे बढ़ेंगे ही जान माल को नुकसान अलग होग। सरकार ने इन स्थितियों को देखते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) के तहत बनाई सड़कों की जांच के आदेश दिए हैं। यह जांच आज शनिवार से लेकर अगले तीन दिन तक करनी होगी और चौथे दिन रिपोर्ट भेजनी होगी। जांच रिपोर्ट में अफसर को यह बताने के निर्देश दिए हैं कि सड़क कब बनी थी, किसने बनाई थी, उसका रखरखाव कब और किसके द्वारा किया गया था, सड़क की वर्तमान स्थिति क्या है और उसके सुधार में कितना खर्च आएगा। संबंधित सड़कों के खराब और उखड़ने के लिए कौन जिम्मेदार है।

### किसको क्या निर्देश-

एमपीआरडीसी को तीन दिन में 20 हजार किमी सड़कों की जांच करानी होगी। सड़क सुधार अभियान के तहत किए गए कार्यों का आगामी तीन दिनों में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया जाएगा। इस अभियान के तहत 20 हजार किलोमीटर सड़कों को कवर किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। निगम द्वारा ठेकेदारों को सड़क सुधार कार्य पूरा करने के लिए 10 दिन का समय दिया गया था, जिसकी समीक्षा होगी। अधिकारियों को 28 अगस्त तक अपने संभागों के तहत सड़कों की मरम्मत और सुधार कार्यों का विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम को भेजना होगा।

### पीडब्ल्यूडी के एक कार्यपालन यंत्री को 300 किमी सड़क की जांच करनी होगी

पीडब्ल्यूडी के एक कार्यपालन यंत्री को अपने संभाग की कम से कम 300 किमी सड़कों की रेंडमली जांच करनी होगी। निरीक्षण के बाद प्रत्येक संभाग के कार्यपालन यंत्री (भवन) को 28 अगस्त तक सड़कवार रिपोर्ट मुख्य अभियंता (सड़क / पुल) को देनी होगी। इसके लिए सड़कों की सूची शुक्रवार को ही कार्यपालन यंत्री (सड़क / पुल) द्वारा जिला स्तर के कार्यपालन यंत्रियों (भवन) को दे दी है ताकि समय पर और उचित निरीक्षण सुनिश्चित किया जा सके। यह भी निर्देशित किया गया कि निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री (भवन) 'लोक पथ' मोबाइल ऐप का उपयोग करते हुए सिटीजन लॉगइन के माध्यम से सड़कों पर गड्ढों की रिपोर्टिंग भी करें। जिससे यातायात में सुधार होगा और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

---

# अब महंगाई भत्ते के लिए ढोल बजाएंगे कर्मचारी





### कर्मचारी मंच के नेतृत्व में कर्मचारी कर रहे हैं चार प्रतिशत महंगाई भत्ते की मांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कर्मचारी मंच के नेतृत्व में कर्मचारी अपनी चार प्रतिशत महंगाई भत्ते की मांग को लेकर सितंबर की प्रथम सप्ताह में मंत्रालय के सामने ढोल बजाकर सरकार को जगाएंगे । यह निर्णय मंच की प्रांतीय समिति की बैठक में लिया गया । प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि कर्मचारी लंबे समय से केंद्र के समान अपना चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के लिए राज्य सरकार से गुहार लगा रहे हैं लेकिन राज्य सरकार महंगाई भत्ते की प्रमुख मांग को संज्ञान में नहीं ले रही है जिस कारण कर्मचारी 1 हजार से 2 हजार रुपए का प्रतिमाह नुकसान हो रहा है द्वितीय श्रेणी अधिकारी एवं वरिष्ठ कर्मचारियों को तो 5 हजार से 10 हजार से भी ज्यादा नुकसान हो रहा है । इस तरह अब तक 7.50 लाख कर्मचारियों को करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका है फिर भी सरकार बजट पारित होने के बावजूद भी चार प्रतिशत महंगाई भत्ते की मांग पूरी नहीं कर रही है। जबकि केंद्रीय कर्मचारियों को आठ माह पहले ही चार प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल गया है । प्रथम श्रेणी अधिकारियों को चार प्रतिशत महंगाई भत्ता 1 जनवरी 2024 से मिल गया है लेकिन छोटे कर्मचारी महंगाई भत्ते के लिए तरस रहे हैं । इसीलिये राज्य सरकार के समक्ष सितंबर के प्रथम सप्ताह में ढोल बजाओ आंदोलन होगा। आंदोलन में मंत्रालय विंध्याचल भवन सतपुड़ा भवन एवं समस्त मुख्यालय जो भोपाल राजधानी में स्थित हैं उसमें कार्यरत कर्मचारी दोपहर मंत्रालय पहुंच कर मंत्रालय के सामने एकत्रित होंगे ढोल बजाओ आंदोलन के तहत ढोल बजाके राज्य सरकार को जगाएंगे।

---

## '8 वर्ष बाद एमसीयू करेगा पीएचडी सीटों की घोषणा'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

8 वर्ष के लंबे अर्से बाद माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल अगले सप्ताह पीएचडी की सीट घोषित करेगा। यह जानकारी के देते हुए एमसीयू के कुलगुरु प्रो.(डॉ.) के.जी. सुरेश ने कहा कि पहले मात्र दो विषयों मीडिया अध्ययन एवं कंप्यूटर अनुप्रयोग विषय में पीएचडी उपाधि प्रदान की जाती थी। लेकिन पहली बार विश्वविद्यालय पांच विषयों में पीएचडी की उपाधि प्रदान करेगा। यह पांच विषय जनसंचार, नवीन मीडिया प्रौद्योगिकी, मीडिया प्रबंधन, कंप्यूटर अनुप्रयोग एवं पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान है। पीएचडी में प्रवेश हेतू पात्रता के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत चार वर्षीय शोध स्नातक पाठ्यक्रम भी शामिल होगा। इसके अलावा नेट परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी भी पीएचडी के लिए पात्र होंगे। पीएचडी संपन्न करने की समय सीमा न्यूनतम तीन वर्ष एवं अधिकतम छह वर्ष रहेगी। आवेदकों को प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार देना होगा। जबकि नेट क्वालीफाई प्रतिभागियों को केवल साक्षात्कार देना होगा। प्रो. सुरेश ने कहा कि पिछले चार वर्षों में लगभग 3 दर्जन पीएचडी की उपाधि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई है ।

## धार्मिक आयोजन संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप नहीं : भाकपा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा एक धर्म विशेष के लिए राज्य व्यापी धार्मिक आयोजन करने के आदेश को भारत के संवैधानिक मूल्यों के विपरीत कदम बताते हुए इसे रोकने की मांग की है। राज्य सचिव अरविन्द श्रीवास्तव और राज्य सह सचिव शैलेन्द्र शैली ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ने जन्माष्टमी का त्यौहार सरकारी स्तर पर आयोजित करने के लिए प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों और संभागायुक्त को निर्देश जारी किए हैं। इन सरकारी स्तर पर होने वाले धार्मिक आयोजनों के लिए लाखों रुपए के सरकारी विज्ञापन भी जारी किए गए हैं। यह सब भारत के संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। भारत के संविधान धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर आधारित है।प्रत्येक नागरिक को निजी स्तर पर अपने धार्मिक आयोजनों में शामिल होने का अधिकार है। प्रत्येक नागरिक की धार्मिक भावनाओं का संरक्षण होना चाहिए। लेकिन सरकार का धार्मिक आयोजनों को करना अनुचित है।

---

**मेट्रो एंकर** श्रमोदय विद्यालय एवं ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में अंतरिक्ष दिवस का आयोजन

# विज्ञान भारती: चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव में पहुंचने वाले हम प्रथम देश:हबीब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव में पहुंचने वाले हम प्रथम देश है। इसरो के माध्यम से हमने अब तक दूसरे देशों के 432 उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किए हैं। यह बात मेपकास्ट के पूर्व चीफ साइंटिस्ट तस्नीम हबीब ने कही। तस्नीम हबीब श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की आयोजन पर बोल रहे थे।

हबीब ने अपने उद्बोधन में विस्तार से इसरो के विकास एवं उसके अंतरिक्ष मिशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने चंद्रयान प्रथम, चंद्रयान सेकंड और चंद्रयान 3 मिशन की तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इसरो द्वारा प्रेषित चंद्रयान 3 की के छायाचित्र भी शेयर किया। उन्होंने चंद्रयान की सतह के फोटो शेयर करते हुए क्रेटर्स के प्रकार बताये द्य उन्होंने बताया कि प्रज्ञान रोवर लगभग 110 मीटर चला इसके साथ ही उन्होंने प्रज्ञान रोवर द्वारा चले गए 10 मीटर के पाथ के भी छायाचित्र प्रस्तुत किए। उन्होंने प्रज्ञान रोवर में लगे विभिन्न सेंसर और उनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान भारतीय अंतरिक्ष की गाथा को बताने वाली फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया। जिसे देखकर विद्यार्थी रोमांचित हो उठे। विशेषज्ञ के रूप में पधारे शैलेन्द्र कसेरा ने विद्यार्थियों को रैकेट लौन्चिंग की तकनीक के बारे में बतया। इस विद्यार्थियों द्वारा





सॉफ्ट लैंडिंग तकनीक के मॉडल का हैंड्स ऑन प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमे विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये गए। इस अवसर पर ज्ञानोदय विद्यालय में भी विज्ञान भारती द्वारा प्रथम अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में एम्प्री की वैज्ञानिक डॉ कीर्ति सोनी ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन की उपयोगिता एवं इसरो के प्रमुख मिशनों के बारे में विस्तार से जानकरी प्रदान की द्य इस अवसर पर विज्ञान भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री विवस्वान हबलकर, एवं अन्य पदाधिकारी डॉ जे पी शुक्ला, विकास शेन्डे, डॉ धीरेन्द्र स्वामी, श्री हिमांशु शुक्ला, डॉ. एकता जैन, डॉ. सिंगोर, मेधा वाजपेई, डॉ. प्रवीण दिघर्रा, डॉ. दर्शना पनवार सहित अन्य संस्थानों से वैज्ञानिक, प्राध्यापक, विज्ञान संचारक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।




संपादकीय

# आर्थिक चिंता के नए पहलू

देश में महंगाई के आंकडे अक्सर बहस का विषय बनते हैं और इनके बचाव में या विरोध में कइ्रई तर्क उभरते हैं। हाल के दिनों में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीति पर इसके असर को लेकर भी बहस है। वैसे तो विषय नया नहीं लेकिन आर्थिक समीक्षा में की गई टिप्पणियों ने एक तरह से इसे नए सिरे से उभारा। समीक्षा में कहा गया कि भारत में मुद्रास्फीति को लक्षित करने के ढांचे में इस बात पर भी विचार होना चाहिए कि मुद्रास्फीति को बिना खाद्य कीमतों के लक्ष्य बनाया जाए। दरअसल, उच्च खाद्य कीमतें अक्सर आपूर्ति क्षेत्र की दिक्कतों की वजह से होती हैं, न कि मांग क्षेत्र की। अल्पावधि को ध्यान में रखने वाले नीतिगत उपाय अतिरिक्त समेकित मांग से उत्पन्न होने वाले मूल्य दबाव को सीमित करने के लिए होते हैं। पहली बात, रिजर्व बैंक को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के चार फीसदी का लक्ष्य दिया गया है और खाद्य कीमतें इसमें 46 फीसदी हिस्सेदारी रखती हैं इसलिए उनकी अनदेखी संभव नहीं। दूसरा ऊंची खाद्य मुद्रास्फीति दर आम पारिवारिक मुद्रास्फीति संबंधी अनुमानों को प्रभावित करती है जिसका वास्तविक मुद्रास्फीति संबंधी नतीजों के भविष्य पर असर पड़ सकता है। रिजर्व बैंक के हालिया बुलेटिन में एक विश्लेषणात्मक अध्याय भी इस विषय पर है। डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्र एवं अन्य के शोध आलेख में हालांकि केंद्रीय बैंक का आधिकारिक नजरिया नहीं है लेकिन यह बताता है कि आखिर क्यों केंद्रीय बैंक समग्र मुद्रास्फीति प्रबंधन में खाद्य पदार्थों की अनदेखी नहीं कर सकता है। जून 2020 से जून 2024 के बीच औसत खाद्य मुद्रास्फीति इससे पहले के चार सालों के 2.9 फीसदी के स्तर से काफी अधिक थी। इस इजाफे को मोटे तौर पर एक ही समय में लगे कई झटकों, जलवायु संबंधी घटनाओं और मॉनसून से जोड़कर देखा गया। परिणामस्वरूप विचारार्थ अवधि में से करीब 57 फीसदी महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति की दर छह फीसदी से अधिक रही। सब्जियों की कीमतों में इजाफे को आमतौर पर अस्थायी माना जाता है। अब करीब 45 फीसदी महीनों के दौरान इनमें दो अंकों की वृद्धि देखी गई। अनाज तथा अन्य उत्पादों में 53 फीसदी महीनों के दौरान छह फीसदी से अधिक महंगाई देखी गई। स्पष्ट है कि खाद्य मुद्रास्फीति बीते कुछ सालों से गंभीर चुनौती है। यह बात भी रेखांकित करने योग्य है कि निर्यात प्रतिबंध समेत सरकार के कई उपायों के बीच निरंतर ऊंची खाद्य मुद्रास्फीति देखने को मिली है। खाद्य मुद्रास्फीति का मुद्रास्फीति के अनुमानों पर महत्त्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव होता है जबकि मौद्रिक नीति का नकारात्मक। उच्च खाद्य मुद्रास्फीति से मुद्रास्फीति अनुमानों में अनिश्चितता आ सकती है जिससे समग्र मुद्रास्फीति प्रबंधन जटिल हो सकता है। यह भी पाया गया कि खाद्य मुद्रास्फीति विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में कच्चे माल की लागत तथा उत्पादन पर असर डालती है। खाद्य कीमतों ने बीते कुछ सालों में कोर मुद्रास्फीति दर पर ऊपरी दबाव कायम किया है जिसे मौद्रिक नीति ने दूर किया। ऐसे में रिजर्व बैंक समग्र मुद्रास्फीति निष्कर्षों में खाद्य कीमतों के दबाव को नकार नहीं सकता। अभी तो बैंक का ही अनुमान है कि चालू वर्ष में हेडलाइन मुद्रास्फीति दर 4.5 फीसदी रहेगी। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में इसके 4.4 फीसदी रहने का अनुमान है। वैसे भी कुछ अर्थशास्त्री मानते हैं कि खाद्य मुद्रास्फीति की दर आने वाले महीनों में कमी आएगी। यह कमी लंबे समय से प्रतीक्षित है और समाज के निचले वर्ग तक इसका असर किसी न किसी रूप में पड़ता है। इसलिए बैंक व सरकार को इस दिशा में बेहद सतर्कता की जरूरत है।

मनुष्य के जीवन में ऐसा कुछ भी नहीं
है जिसके लिए चिंता की जाए।
–प्लेटो

## आज का इतिहास

- 1848 संयुक्त राज्य अमेरिका ने न्यू मैक्सिको से समझौता किया।
- 1849 इतिहास में पहली बार हवाई छाप = ऑस्ट्रिया ने वेनिस के इतालवी शहर के खिलाफ पायलटलेस गुब्बारे की शुरुआत की।
- 1851 ऑस्ट्रेलिया में सोने की खानों के इलाके की खोज हुई।
- 1851 नौका अमेरिका ने इंग्लैंड के आइल ऑफ वाइट के पास पहली अमेरिका कप रेस जीती।
- 1851 यॉट अमेरिका ने इंग्लैंड के तट पर पहला अमेरिकी दौड़ कप जीता।
- 1864 हेनरी डुनेंट के नेतृत्व में रेड क्रॉस आंदोलन आधिकारिक तौर पर बारह यूरोपीय देशों ने पहले जेनेवा कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किए, जो रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति की स्थापना कर रहे थे।
- 1865 विलियम शेपार्ड को तरल साबुन के लिए पहले अमेरिकी पेटेंट जारी किया गया।
- 1872 ऑस्ट्रेलियाई ओवरलैंड टेलीग्राफ लाइन पूरा किया गया, पहली बार ऑस्ट्रेलिया और बाकी दुनिया के बीच एक टेलीग्राफिक लिंक प्रदान किया गया।
- 1910 जापान ने कोरिया-जापान संधि संधि पर हस्ताक्षर करने के साथ कोरिया पर कब्जा कर लिया, द्वितीय विश्व युद्ध के अंत तक कोरिया के जापानी शासन की अवधि शुरू हुई।
- 1922 आयरिश सिविल वॉर-आयरिश नेशनल आर्मी के कमांडर-इन-चीफ माइकल कोलिन्स की हत्या घात में की गई थी, जबकि काउंटी कॉर्कैट के माध्यम से बेएल ना द्बव्घषह्ल्द्ध के गांव के रास्ते।
- 1944 द्वितीय विश्व युद्ध-वेहरमाट पैदल सेना ने ग्रीक द्वीप क्रेते पर अमारी घाटी में स्थित नौ गांवों के नागरिक निवासियों के खिलाफ एक हमले को अंजाम दिया।

## निशाना

### रहे इतना ध्यान !



- कृष्णेन्द्र राय

है सबको अधिकार ।
दें अपना बयान ।।
पर लगे ना ठेस ।
रहे इतना ध्यान ।।
है इतिहास गवाह ।
बढ़ता है विवाद ।।
कर देते हैं ज़ाहिर ।
अपना पर अवसाद ।।
बहस सकारात्मक तो ।
है बढ़ता संवाद ।।
उठती हैं जो बातें ।
हैं रहतीं वो याद ।।
धीरे-धीरे करके ।
है लाना बदलाव ।।
मिलेगा मुकाम और ।
पहुंचेंगे पड़ाव ।।

# दुनिया की भूख मिटाने को तैयार भारत, लेकिन खाद्य सुरक्षा वैश्विक चुनौती

**वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में घोषित नौ उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कृषि क्षेत्र भी शामिल है। बजट में कृषि और उससे संबंधित क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नए बजट में सरकार उपज के संग्रहण, भंडारण और विपणन सहित सब्जी आपूर्ति शृंखलाओं के लिए किसान-उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों और स्टार्टअप को बढ़ावा संबंधी प्रावधान शामिल किए गए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2023-24 के लिए प्रमुख फसलों का, जो तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है, उसके मुताबिक कुल खाद्यान्न उत्पादन 3288.52 लाख टन अनुमानित है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत दुनिया में दूध, दालों और मसालों का नंबर एक उत्पादक है। इसके अलावा, देश खाद्यान्न, फल, सब्जियां, कपास, चीनी और चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। ऐसे में जब देश में खाद्यान्न उत्पादन ऊंचाई बना रहा है, तब खाद्यान्न भंडारण की अधिक क्षमता भी जरूरी है। अभी 12 से 14 फीसदी तक अन्न बर्बाद हो जाता है। देश में भंडारण क्षमता फिलहाल 1,450 लाख टन की है, उसे 2,150 लाख टन किए जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।**

■ जयंतीलाल भंडारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में हुए कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत खाद्यान्न अधिशेष वाला देश बन गया है और वह वैश्विक खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 65 वर्ष पूर्व जब यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भारत में आयोजित हुआ था, उस समय भारत की खाद्य सुरक्षा विश्व के लिए चिंता का विषय थी, लेकिन अब वैश्विक खाद्य संकट की चुनौतियों के बीच भारत दुनिया के 150 से अधिक देशों को खाद्य पदार्थों के निर्यातक देश के रूप में रेखांकित हो रहा है। साथ ही कोरोना काल से लगातार 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त में अनाज देने की भारत की पहल दुनिया भर में रेखांकित हो रही है। वर्ष 2023 में भारत ने करीब 50 अरब डॉलर मूल्य का कृषि निर्यात किया है और दुनिया का आठवां बड़ा कृषि निर्यातक देश बन गया है।



इन दिनों वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर प्रकाशित हो रहीं विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भारत की नई अहमियत पता चल रही है। इस समय जब रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्राइल-हमास युद्ध और अन्य भू-राजनीतिक कारणों से वैश्विक खाद्य संकट गहराता जा रहा है, तब दुनिया के अनेक देशों को खाद्य संकट से निपटने और उनकी खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर भारत एक मददगार देश बना हुआ है। 15 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से कहा कि कृषि व्यवस्था को बदलना समय की मांग है। देश के किसान भारत को विश्व की ऑर्गेनिक फूड बास्केट बना सकते हैं और विश्व के देशों के लिए भारत मददगार हो सकता है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष सहित सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न वैश्विक संगठनों द्वारा भारत की खाद्य सुरक्षा की सराहना की जा रही है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश ने कृषि उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचाइयां प्राप्त की हैं। खासतौर से पिछले 10 वर्षों में कृषि विकास के अभूतपूर्व प्रयासों से अब भारत दुनिया के खाद्य कटोरे के रूप में पहचान बना रहा है। कृषि भारत की आर्थिक नीतियों के केंद्र में है। भारतीय कृषि में 90 प्रतिशत किसानों के पास बहुत कम जमीन है और ये छोटे किसान भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं। कृषि क्षेत्र के सतत विकास के लिए फसलों की 1,900 नई जलवायु-अनुकूल किस्में उपलब्ध कराई गई हैं। भारत रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा है। भारत ने मोटे अनाज को श्रीअन्न का नाम देकर इसे एक लाभदायक समाधान के रूप में प्रस्तुत किया है। भारत कृषि क्षेत्र में डिजिटल प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रहा है।

वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में घोषित नौ उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कृषि क्षेत्र भी शामिल है। बजट में कृषि और उससे संबंधित क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नए बजट में सरकार उपज के संग्रहण, भंडारण और विपणन सहित सब्जी आपूर्ति शृंखलाओं के लिए किसान-उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों और स्टार्टअप को बढ़ावा संबंधी प्रावधान शामिल किए गए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2023-24 के लिए प्रमुख फसलों का, जो तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है, उसके मुताबिक कुल खाद्यान्न उत्पादन 3288.52 लाख टन अनुमानित है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत दुनिया में दूध, दालों और मसालों का नंबर एक उत्पादक है। इसके अलावा, देश खाद्यान्न, फल, सब्जियां, कपास, चीनी और चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। ऐसे में जब देश में खाद्यान्न उत्पादन ऊंचाई बना रहा है, तब खाद्यान्न भंडारण की अधिक क्षमता भी जरूरी है। अभी 12 से 14 फीसदी तक अन्न बर्बाद हो जाता है। देश में भंडारण क्षमता फिलहाल 1,450 लाख टन की है, उसे 2,150 लाख टन किए जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

हम उम्मीद करते हैं कि बढ़ती हुई वैश्विक खाद्यान्न सुरक्षा जरूरतों के बीच देश में सरकार के द्वारा अधिक खाद्यान्न उत्पादन कृषि प्रणाली मॉडल पर केंद्रित जलवायु स्मार्ट दृष्टिकोण, हरित और जलवायु अनुकूल कृषि के लिए वित्तपोषण, छोटे और सीमांत किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कृषि बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। हम उम्मीद करते हैं कि सरकार के द्वारा कृषि प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए अधिक निवेश, समावेशी कृषि मूल्य शृंखलाएं, कृषि-खाद्य क्षेत्र को बदलने के लिए नई-उभरती डिजिटल तकनीकों की, भूमि के डिजिटलीकरण के लिए खेती में ड्रोन को बढ़ावा, कृषि अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों के बीच मजबूत साझेदारी और टिकाऊ कृषि-खाद्य प्रणालियों की डगर पर आगे बढ़ने की कारगर रणनीति अपनाई जाएगी। - साभार

# विनेश प्रकरण: खेल नीति में व्यापक बदलाव की जरूरत

■ जगमति सांगवान

पेरिस ओलंपिक में छह अगस्त को भारतीय खिलाड़ी विनेश फोगाट ने जिस प्रकार एक के बाद एक तीन बाऊट जीती और खास तौर पर अजेय मानी जाने वाली जापानी सुसाकी को हराया, उससे देश में उत्साह और आह्लाद पैदा हुआ। उसने महिला कुश्ती में पहली बार कोई गोल्ड मेडल जीतने की आस जगाई थी। लेकिन सात अगस्त की सुबह सौ ग्राम ओवरवेट होने की वजह से विनेश के डिसक्वालीफाई होने की खबर आते ही देशवासियों का वह आह्लाद विनेश के प्रति भारी हमदर्दी में बदलने लगा। बहरहाल, इस प्रकरण से कुछ लोगों में खेल सिस्टम के खिलाफ अविश्वास भी गहराया। कई फिल्मी हस्तियों व खिलाड़ियों की बयानबाजी, ओलंपिक डेलिगेशन द्वारा सही समय पर अधिकृत बयान न देने, तथा खेल मंत्री द्वारा संसद में पूरे प्रकरण को सिर्फ विनेश की ट्रेनिंग पर खर्च के हिसाब तक सिकोड़ देने का अच्छा संकेत नहीं गया।

इसी प्रकार सेमीफाइनल के उपरांत एकदम विनेश के वेट में अचानक वृद्धि व अन्य कई सवालों का जवाब नहीं मिल रहा। इन निर्णायक क्षणों में आईओए, कुश्ती फेडरेशन, उसके कोच, फिजिशियन की भूमिका पर भी सवाल हैं। ऐसे में सरकारी तंत्र व खेल मंत्रालय को एक श्वेत पत्र के माध्यम से जनता से मुखातिब होना चाहिए। उतना ही जरूरी है हमारी खेल नीति में लिंग संवेदी बदलाव। पेरिस के वकीलों ने ओलंपिक अधिशासी कोर्ट के स्तर पर विनेश की ओर से उसकी कांस्य पदक साझा करने की अपील दर्ज करवा कर एक स्वागतयोग्य पहल की।जनता को विश्वास में लेने के लिए सरकारी तंत्र द्वारा यथासंभव तत्काल समुचित प्रयास करना इसलिए भी अति आवश्यक है क्योंकि इस पूरे प्रकरण की अपनी एक त्रासदीपूर्ण पृष्ठभूमि है। जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। पिछले दिनों चाहे वह हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री पर लगे यौनहिंसा के आरोप हों, कुश्ती संघ के तत्कालीन अध्यक्ष व भाजपा के शक्तिशाली पूर्व सांसद बृजभूषण पर विनेश समेत अन्य ओलंपियन खिलाड़ियों द्वारा यौन दुर्व्यवहार के खिलाफ जंतर-



मंतर पर लड़ा गया अभूतपूर्व संघर्ष हो, जनता की नजर में सरकार की डीलिंग चुनावी कंसीडरेशन से संचालित रही है। यह कवायद महिला खिलाड़ियों को न्याय देने वाली नहीं थी। जिसके नकारात्मक असर खेल जगत पर पड़े हैं। यहां सवाल स्वाभाविक है कि न्याय के लिए आवाज उठाने वाली वह हरियाणा की ओलंपियन एथलीट जूनियर कोच हो या महिला ओलंपिक कुश्ती में देश के लिए पहली मेडल विजेता साक्षी मलिक और अब विनेश फोगाट। इन सभी को आखिर खेल ही क्यों छोड़ना पड़ा है? उनके मनोबल को पितृसत्तात्मक सिस्टम के ठेकेदार कब तक तोड़ते रहेंगे? सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बगैर तो एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई।जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को क्या इस चीज का अंदाजा नहीं है कि उनके संवेदनहीन व भेदभाव पूर्ण व्यवहार ने इन खिलाड़ियों व राष्ट्रीय गरिमा को कितनी ठेस पहुंचाई है? इन निहित स्वार्थी तत्वों के क्रियाकलापों के कारण कितनी बेटियों को उनके माता-पिता द्वारा खेल से दूर किया गया है? इस आधुनिक युग में भी जिन असंख्य एकलव्यों के अंगूठे कलम किये जा रहे हैं, वक्त उनका हिसाब लेगा।

हकीकत में तो पूरे खेल जगत के प्रति ही सरकार का रवैया उपेक्षा पूर्ण नजर आता है। हाल का खेल बजट भी इसकी एक नजीर हो सकता है। इसमें खेलों के लिए बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं जगती। जो खिलाड़ी इस बार पेरिस ओलंपिक में खेले हैं, उनकी अगर केस स्टडी की जाए तो पता लगेगा कि उनके संघर्ष के दौर में तो उनके परिवारों ने ही अपना बजट निचोड़ कर उनके खेल करियर निर्माण पर लगाया है। सरकारें तो मेडल जीतने के बाद ही जो पुरस्कृत करने की होड़ लगाती हैं उसकी आड़ में तो वे अपने ही राजनीतिक स्वार्थ साधते हैं। अपनी इमेज बिल्डिंग करते हैं। राजनीति को चमकाने के लिए इन खिलाड़ियों की उपलब्धियों को भुनाने को लालायित रहते हैं। अभी भी जो लोग खेलों में अपना कैरियर बना रहे हैं, वे वही हैं जिनके परिवारों के पास उनके ऊपर खर्च करने के लिए कुछ सामर्थ्य है।

खास तौर पर महिला खिलाड़ी बनने की आकांक्षा रखने वाली साधारण परिवारों की बेटियों के सपने तो संसाधनों के अभाव में अभी भी आए दिन चूर-चूर हो रहे हैं। उस खेल प्रतिभा व ऊर्जा को हम उपयुक्त सुविधा देकर जब तक खेल दायरे में प्रवेश करवाने की स्थिति में नहीं लाते तब तक हमारी ओलंपिक में गोल्ड मेडल पाने की तृष्णा केवल मृगतृष्णा ही रहेगी। अतः एक समग्र श्वेत पत्र व हमारी खेल नीति में बदलाव समय की रणनीतिक जरूरत है। जनता में पैदा हुआ अविश्वास आगे तिरस्कार का रूप न ले जाए इसके लिए जिस आमूलचूल परिवर्तन की दरकार है, वह उन सभी संबंधित पक्षों के जन-अभियान छेड़ने से हो पाएगा जो व्यवस्था के भुगतभोगी हैं। - साभार

## नपा के हांका दल ने पकड़े आवारा मवेशी



सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

नगर में धमा चौकड़ी मचा रहे आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए नगर पालिका का हांका दल अब सड़कों पर उतरा है जो आवारा मवेशियों को पड़कर उन्हें दूर सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा जा रहा है। वार्ड पार्षद दीपक वाथव और नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार के दिन नगर पालिका के हांका दल ने स्टेट बैंक कॉलोनी से आवारा मवेशियों को पकडा वही मवेशियों के मालिकों को सूचित किया है कि अपने-अपने मवेशियों को घरों में बांधे अगर वह घरों में नहीं बांधते हैं तो उन पर नगर पालिका द्वारा कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि दोपहर मेट्रो ने स्टेट बैंक कॉलोनी में आवारा मवेशियों के धमा चौकड़ी की खबर को प्राथमिकता से प्रकाशित किया था।

## विद्यार्थी परिषद ने निकाली मशाल यात्रा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला जलाया

इटारसी, दोपहर मेट्रो।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इटारसी ने रेस्ट हाउस से मशाल यात्रा निकाली। यह मशाल यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए जयस्तंभ पर खत्म हुई। जयस्तंभ पर परिषद के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

नगर मंत्री कुणाल सराठे ने कहा कि पश्चिम बंगाल से लगातार महिला उत्पीड़न एवं हत्या की घटनाएं सामने आ रही है। एक महिला नेतृत्व होने के बाद भी सरकार महिला अपराध को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। पीड़ित बहनों को न्याय दिलाने एवं उनकी सुरक्षा करने की बजाय मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी द्वारा एक डॉक्टर जो लोगों के जान बचाने का काम करती थी ,आज मुआवजे के दस लाख रुपए की बात करके उसकी जान की कीमत चुकाने की बात की जाती है। विद्यार्थी परिषद पूरे देश में विरोध प्रदर्शन के माध्यम से ऐसे




अमानवीय अपराधों में दोषी अपराधियों को फांसी देने और महिला सुरक्षा के लिए कड़े कानून व्यवस्था स्थापित करने की मांग कर रही है। प्रदर्शन में जिला प्रमुख दीपक आर्य,नगर अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, सहमंत्री काजल बस्तवार, निशांत मेहरा, साक्षी कोरी, पीयूष शुक्ला, प्रशांत मेहरा, आदर्श मिश्रा,आयुष मेशकर, देवांश, राधिका भदौरिया, दीपा झराने आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गड्ढा मुक्त रखने विशेष अभियान

## तवा-नर्मदा ब्रिज तथा पचमढ़ी की सड़क के गड्ढों की मरम्मत



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम संभाग द्वारा नर्मदापुरम जिले की सड़कों एवं ब्रिज मार्गो पर बारिश के दौरान हुए गड्ढों को सुधारकर मार्ग गड्ढा मुक्त करने हेतु विशेष अभियान चला रहा है। अभियान के अंतर्गत विभाग के अधिकारियों के निर्देशन में आम नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। नर्मदापुरम संभाग अंतर्गत आने वाले दो महत्वपूर्ण एवं उच्च स्तरीय ब्रिज के मार्गो में बारिश के दौरान हुए गड्ढों की मरम्मत का कार्य किया गया है। साथ ही पचमढ़ी जाने के मार्ग पर हुए गड्ढों की भी मरम्मत कर उसे समतल कर चलने योग्य बनाया गया है। मुख्य अभियंता बी.एस. मीना ने बताया कि नर्मदापुरम जिले अंतर्गत आने वाले तवा एवं नर्मदा ब्रिज पर भारी वर्षा के दौरान हुए गड्ढों की मरम्मत कर उन ब्रिज को गड्ठा मुक्त किया गया है।

# लापता छात्र की मिली लाश परिजनों को हत्या की आशंका

इटारसी, दोपहर मेट्रो।

शहर से लापता हुए एसपीएम केंद्रीय विद्यालय के छात्र का शव 5वें दिन मिला। छात्र का शव खेत किनारे 8 फीट गहरे गड्ढे में मिलने से सनसनी फैल गई। शव तीन से चार दिन पुराना होने से उसमें कीड़े लग गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शव को गढ्ढे से निकलवाया। छात्र की संदिग्ध हालत में मौत से परिजनों और गांव के लोगों में आक्रोश दिखा तो शव का जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराने के लिए जिला अस्पताल के पीएम रूम को छावनी में तब्दील करना पड़ा।





शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग में हत्या का एंगल सामने आ रहा है। हालांकि पुलिस ने अभी तक अधिकृत रूप से कुछ नहीं कहा है। जानकारी के अनुसार हासलपुर गांव के हर्ष मीणा का शव मेहराघाट में मिलने से माहौल गर्मा गया। परिजन और मीणा समाज के लोग मेहराघाट पहुंचे। रामपुर, इटारसी, नर्मदापुरम, पथरौटा और डोलरिया से पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंचा। इस घटना को लेकर समाज में आक्रोश है। बुधवार को समाज के लोगों ने एसपी से मुलाकात कर छात्र का पता लगाने की मांग की थी। एक दिन बाद हर्ष का शव मिल गया जिसमें कीड़े लग गए थे। जानकारों के मुताबिक हर्ष मीणा 18 अगस्त से लापता था। लापता होने के तीसरे दिन उसकी इलेक्ट्रिक स्कूटी होरियापीपर के पास नहर किनारे मिली थी। उसकी आखिरी लोकेशन इटारसी के गांधीनगर की मिली। छात्र के लापता होने की गुमशुदगी देहात थाने में दर्ज है। जिस जगह स्कूटी मिली थी, उससे कुछ दूरी पर गुरुवार को खेत के गड्ढे में लाश मिली है। रामपुर थाना प्रभारी विपिन पाल ने बताया कि मौके से एक बैग भी मिला है। छात्र कोचिंग के लिए घर से निकला था।

### 12वीं का छात्र था, कोचिंग का कहकर निकला था

पिता दिनेश मीणा ने बताया कि बेटा हर्ष मीणा एसपीएम केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 12वीं का छात्र था। 18 अगस्त को वह कोचिंग का कहकर निकला था। शाम 5 बजे तक घर नहीं लौटा तो कोचिंग में कॉल कर पूछा। पता चला कि वह कोचिंग ही नहीं आया। दोस्तों से बात की तो पता चला कि वह एक दोस्त ( छात्रा ) के घर गया था। हमने जब छात्रा के घर जाकर पूछा तो उसके पिता ने बताया कि हर्ष घर से निकल गया था। इसके बाद से ही उसका नंबर बंद आ रहा था। 19 अगस्त की सुबह 9.15 बजे पिता और परिजन ने देहात थाने पहुंचकर हर्ष मीणा के लापता होने की शिकायत की थी।

### छावनी में बदला जिला अस्पताल

मीणा समाज के छात्र की संदिग्ध मौत से परिजनों और समाज के लोगों में भारी गुस्सा नजर आया। जिला अस्पताल में युवक के शव का पोस्ट मॉर्टम होने के चलते पुलिस को हंगामे की भी चिंता थी इसके चलते पुलिस विभाग ने जिला अस्पताल परिसर स्थित पीएम रूम के आसपास के इलाक़े को छावनी में तब्दील कर दिया था। पीएम होने तक पूरा पुलिस प्रशासन सतर्क रहा।

### इटारसी से निकलने के बाद क्या हुआ

केंद्रीय विद्यालय के छात्र हर्ष मीणा के पिता के मुताबिक हर्ष किसी छात्रा के घर भी गया था और वहां से निकल भी गया था। अब सवाल यह उठ रहा है कि हर्ष अगर इटारसी से उस छात्रा के घर से निकला था तो वह सीधा नर्मदापुरम क्यों नहीं गया, उसकी बाइक होरियापीपर वाले रूट पर कैसे पहुंची। हर्ष किसी के साथ घटनास्थल पर गया था या फिर उसे फोन करके बुलाया गया था इन सवालों के जवाब अब तक नहीं मिले हैं।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया

**नर्मदापुरम।** पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में राष्टीय अंतरिक्ष दिवस 2024 के उपलक्ष्य में संगोष्ठी एवं चलचित्र प्रदर्शन के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साइंस क्विज,पेंटिंग, भाषण व्याख्यान कराए गए। कार्यक्रम में आयोजित संगोष्ठी में मैपकास्ट भोपाल से आए वैज्ञानिक डॉ सुनील गर्ग द्वारा अंतरिक्ष एवं चंद्रयान से संबंधित विशेष व्याख्यान दिया गया।राष्ट विज्ञान केंद्र के भूतपूर्व वैज्ञानिक डॉ प्रबल राय द्वारा भारतीय अंतरिक्ष परियोजना पर आधारित विभिन्न चलचित्रों का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों को अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। पोस्टर प्रतियोगिताओं में शिव तोमर प्रथम एवं निधि चौहान द्वितीय स्थान पर रहीं ।साथ ही क्विज प्रतियोगिता में प्रज्ञा एवं सत्यम गुप्ता प्रथम और अभय अमोले एवं प्रिया साहू द्वितीय स्थान पर रहे।

## कई राज्यों से आए किन्नर, निकाला भुजरिया जुलुस

इटारसी, दोपहर मेट्रो।

प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी किन्नर समुदाय द्वारा भुजरिया का जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में देश के कई दूसरे प्रदेशो से भी किन्नर शामिल हुए, सर्वप्रथम सभी किन्नर गुरुओ ने भुजरिया की पूजा अर्चना की, इसके बाद गांधी निवास से विशाल जुलूस निकाला गया, किन्नरो ने फ़िल्मी गानों पर जमकर डुमके लगाए। मुकेश गांधी ने बताया कि पिछ्ले कई वर्षो से यह प्रथा चली आप रही है, शुक्रवार को भी इसी के चलते भुजरिया कि पूजा अर्चना कर किन्नर समुदाय द्वारा विशाल जुलूस निकाला जा रहा है। किन्नर गुरु रेशमा किन्नर ने बताया कि भुजरिया का जुलूस देश ने अमन चैन व शांति के लिए निकाला जाता है, हर वर्ष पंचमी पर यह जुलूस निकाला जाता है।



**दूसरे प्रदेश से आए किन्नरः** शुक्रवार को किन्नरो द्वारा निकाले जुलूस में मध्यप्रदेश के साथ ही उत्तर प्रदेश, लखनऊ, दिल्ली, बेंगलोर, जयपुर, आगरा, मुंबई,छत्तीसगढ़ सहित ही पुरे मध्यप्रदेश के सभी जिलों से किन्नर एकत्रित हुए।

### पर्यटन स्थल बांद्राभान और मुख्यालय पर पर्यटन कार्य योजना की बैठक हुई सम्पन्न

## जिला मुख्यालय पर दर्शनीय स्थलों का बनेगा सर्किट

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

जिले में पर्यटन को लेकर अपार संभावनाएं है जिले में ऐसे कई सुंदर और रमणीक स्थान है जो अब भी अनछुए से हैं, ऐसे नए स्थलों को पहचान दिलाने ओर उस क्षेत्र का विकास करने के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन एवं जिला प्रशासन सतत कार्यरत है। इसी तारतम्य में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में पर्यटन स्थल बांद्राभान और जिला मुख्यालय के चिन्हित पॉइंट पर पर्यटन कार्य योजना की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत द्वारा बांद्रा भान पर्यटन स्थल को विकसित करने की कार्य योजना बताई , साथ ही कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया पर्यटन की दृष्टि से पर्यटकों के लिए बांद्रा भान स्थल एक सम्पूर्ण पर्यटन साबित होगा , प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बांद्राभान में टेंट सिटी, टूरिज्म के तहत आने वाली गतिविधि, महोत्सव, एडवेंचर सहित पर्यटन स्थल बांद्राभान में समय-समय पर विभिन्न आयोजन एवं कार्यक्रम किए जाए।कलेक्टर ने मुख्य रूप से मुख्यं नगर पालिका अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेंड को निर्देश दिए कि नर्मदापुरम शहर में जितने भी पर्यटन स्थल और प्राचीन मंदिर एंव धरोहर है उनकों चिन्हा्किंत कर वहां के इतिहास को जाने और जिला पर्यटन कार्य योजना के तहत उन्होने शहर के पर्यटन स्थनल आर्कषक और सुन्दर बनाने के निर्देश दिए।

### मेट्रो एंकर

### सिवनी मालवा में राजनीतिक दलों के साथ हुई स्टैंडिंग कमेटी की बैठक

# अब बीएलओ करेंगे मतदाताओं का सत्यापन



सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के निर्देश अनुसार श्रीमती सरोज सिंह परिहार अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ स्टैंडिंग कमेटी की बैठक तहसील कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 की गतिविधियों का संचालन डोर टू डोर सर्वे बीएलओ के माध्यम से किया जाएगा। जिसमे की एप्प के माध्यम से मतदाताओं का पुनः सत्यापन होगा सत्यापन के उपरांत अपात्र मतदाता जैसे शिफ्ट मतदाता,मृत मतदाता, दोहरी प्रविष्टि आदि के विलोपन की कार्यवाही संपादित की जाएगी तथा दिनांक 20 अगस्त 2024 से 18 अक्टूबर 2024 के मध्य मतदान केंद्रों का युक्ति युक्त करण एवं भवन परिवर्तन की कार्यवाही संपादित की जाएगी। प्रतिनिधियों को बताया गया कि यदि किसी मतदान केंद्र क्षेत्र में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाना है तो इसका प्रस्ताव प्रस्तावित करें। दिनांक 9 नवंबर 2024 से 10 नवंबर 2024 एवं दिनांक 16 नवंबर 2024 से 17 नवंबर 2024 को मतदान केंद्र पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे तहसीलदार राकेश खजूरिया द्वारा बताया गया कि यदि किसी मतदाता को मतदाता परिचय पत्र में दर्ज जानकारी जैसे नाम, पिता का नाम, पति का नाम, फोटो, जन्मतिथि, पता आदि में सुधार कराया जाना है तो उक्त कार्य से संबंधित प्रमाणित दस्तावेज आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा स्विफ्ट होने वाले मतदाताओं के संबंध में स्थल परीक्षण रिपोर्ट परिवार के सदस्य की नाम विलोपन हेतु सहमति एवं पंचनामा अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाना आवश्यक है। स्टैंडिंग कमेटी में कांग्रेस से विजय पटेल, गोपाल कृष्ण शर्मा, आम आदमी पार्टी से अजय मालवीय, बहुजन समाज पार्टी से अंतराम बामनिया, भाजपा से कमलेश लोवंशी चंदन लोवंशी, निर्वाचन कार्यालय प्रभारी पंकज परसाई, पुष्पराज पटेल तथा निर्वाचन मीडिया प्रभारी राम मोहन रघुवंशी उपस्थित थे।

## अस्थाई कनेक्शन लेकर ही झांकी-पंडाल की सज्जा की हिदायत

**रायसेन ।** गणेशोत्सव त्यौहार तथा अन्य त्यौहारों में पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने माकूल प्रबंध किए हैं। कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झॉकियों में बिजली साज-सज्जा,नियमानुसार ऑनलाइन अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें। बिजली कंपनी के पोर्टल पर जाकर निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए अस्थायी कनेक्शन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें। लायसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएं। आवेदन में दर्शाए अनुसार विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा कराकर बिजली कंपनी से अस्थाई कनेक्शन की रसीद अवश्य लें।

# सिरोंज को जिला बनाने की माँग पर भाजपा ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में एक बार फिर नए जिलों की घोषणा होने की कयावदो के बीच सिरोंज को जिला बनाये जाने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओ ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी को सौपा। मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए ज्ञापन ने सन 1956 से लेकर वर्तमान स्थित तक के भौगोलिक एवं पूर्व में जिले बनाने हेतु किए गए आंदोलनों की स्थिति का वर्णन किया गया है।



शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधिगण सामूहिक रूप से एकत्रित होकर तहसील परिसर में पहुँचे ओर सिरोंज को जिला बनाने की माँग को लेकर नारेबाजी की। भाजपा नेताओं सामूहिक रूप से परिसर में पहुँचने की जानकारी लगने पर एसडीएम हर्षल चौधरी तहसीलदार के साथ भवन के प्रवेश द्वार पर पहुँचने पर नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपने के पूर्व वाचन किया। ज्ञापन का वाचन करते हुए रमेश यादव ने कहा कि 1956 तक सिरोंज को राजस्थान राज्य में जिले का दर्जा प्राप्त था लेकिन मध्यप्रदेश के पुनर्गठन के समय सिरोंज को मध्यप्रदेश में शामिल करके विदिशा जिले का एकमात्र सब डीबीजन बनाया गया। तब से लेकर वर्तमान समय के चौसठ वर्षो के अंतराल में सिरोंज शहर के साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों की आबादी अनेक गुना बढ़ चुकी है। इस कारण से भी शासन की विकासकारी योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक से नही हो पा रहा है। ज्ञापन में सिरोंज, लटेरी, शमशाबाद, कुरवाई, पठारी के साथ आनंदपुर एवं पथरिया को तहसील के दर्जा प्रदान करके नवीन जिला बनाये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिला बनाने के लिए आधरभूत संरचना सिरोंज में उपलब्ध है जिले के कुल 17 थानों में से आठ थाने सिरोंज लटेरी विधानसभा में है इसके अलावा 100 बिस्तर का अस्पताल, दो अपर जिला एवं सत्र न्यायालय तथा एडिशनल कलेक्टर का लिंक कोर्ट है। शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय तथा निजी महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज,आईटीआई कॉलेज, संचालित है। इनके अलावा ए ग्रेड की संभावना वाली कृषि उपज मंडी के साथ सभी प्रमुख बैंकों की शाखाएं सिरोंज में उपलब्ध है। वर्तमान में सिरोंज लटेरी विधानसभा के दूरस्थ गाँव अमाई बाजना तथा उनारसीकलां की दूरी भी विदिशा जिला मुख्यालय से करीब डेढ़ सौ किलोमीटर दूर होने का हवाला दिया गया है।

पंचायत के निर्माण कार्यों की जांच की मांग

# बेदखली के आदेश के बाद भी तालाब में खेती कर रहे है अतिक्रमणकारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

भ्रष्टाचार के चलते कैसे गुनाहगारों के हौसले बुलंद होते हैं यह माजरा अगर देखना हो तो सिरोंज जनपद की ग्राम पंचायत दीकनाखेड़ा में जाकर देखें जहां लगातार 2 सालों से नायब तहसीलदार ग्रामीणों की शिकायत पर अवैध अतिक्रमण धारी को दो बार शासकीय तालाब से बेदखली का आदेश निकाल देते है इसके बावजूद अतिक्रमण धारी के हौसले बुलंद हैं और वह अब भी शासकीय तालाब पर खेती कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है स्थानीय पटवारी और ग्राम पंचायत सरपंच पति की मेहरबानी से उक्त शासकीय तालाब में दबंग भू माफिया द्वारा खेती की जा रही है ग्रामीण यह आरोपी लगा रहे हैं कि ग्राम पंचायत में सरपंच का पति जो कि रोजगार सहायक भी है वह पंचायत चुनाव मैं उक्त भूमिया के सहयोग के बदले यह अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहा है इसके साथ ही ग्राम पंचायत का पटवारी भी अपने विभाग का



मजाक बनवाने में कोई कोर कसर छोड़ रहा। सिरोंज एस डी एम हर्षल चौधरी को दिए शिकायती पत्र में ग्रामीण सुरेश सोनू अर्जुन सिंह आदि ग्रामीणों ने शासकीय तालाब से अतिक्रमण हटाने और ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों की जांच करने की मांग की है।

**नायब तहसीलदार दो बार कर चुके हैं जारी बेदखली का आदेश** – 19 अक्टूबर 2022 को नायब तहसीलदार मंडल 4 द्वारा एक आदेश पारित किया जाता है जिसमें नीरज शर्मा नामक अतिक्रमण धारी को नायब तहसीलदार द्वारा बेदखली का आदेश किया जाता है। इसके बाद फिर से 3 अप्रैल 2024 को नायब तहसीलदार द्वारा थाना प्रभारी दीपना खेड़ा और राजस्व निरीक्षक को उक्त तालाब खाली करने के लिए पत्र जारी किया गया। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि आज भी वह तालाब अतिक्रमण धारी के कब्जे में हैं और उसमें उसकी फसल लहरा रही है। पंचायत दीकना खेड़ा के उक्त तालब में ग्रामीणों द्वारा लगातार 2 सालों से शिकायत की जा रही है ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर नायब तहसीलदार मंडल चार द्वारा लगातार 2 बार उक्त तालाब से अतिक्रमणधारी को बेदखली के आदेश भी पारित हुए है। सूत्र बताते हैं की स्थानीय पटवारी ओर पंचायत के सरपंच पति की मेहरबानी से उक्त भू माफिया बे दखली आदेशो की कोई परवाह नहीं करता।

कलेक्टर ने ग्राम रूसिया में शिविर व उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया

# उचित मूल्य दुकानों से राशन का वितरण अवकाश दिवसों में होगा







**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सामग्री आगामी तीन दिवसीय अवकाश 24, 25 एवं 26 अगस्त को भी उचित मूल्य दुकानो से पात्रताधारी हितग्राहियों को प्रदाय की जाएगी।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण आयुक्त द्वारा जारी आदेश का हवाला देते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रशिम साहू ने बताया कि मैपर्स रिपोर्ट की प्रस्तावित एसओपी अनुसार आवंटन माह में 30 तारीख तक पात्र परिवारो को राशन वितरण की समय सीमा निर्धारित की गई है। उचित मूल्य दुकानो से प्रदाय सामग्री पात्र परिवारो को प्राप्ति में किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो को ध्यानगत रखते हुए अगस्त माह की तिथियां क्रमशः 24, 25 एवं 26 को जारी शासकीय अवकाशों में भी प्रदाय केन्द्रो से राशन सामग्री का वितरण एवं उचित मूल्य दुकानो से पात्र परिवारो को राशन सामग्री वितरित कराई जाएगी। ताकि भारत सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा में सभी पात्र परिवारो को राशन का वितरण किया जा सकें।

ग्राम की शासकीय उचित मूल्य दुकान में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर कार्डधारको को वितरित किए जा रहे खाद्यान्त्र वितरण प्रक्रिया का अवलोकन किया। यहां कलेक्टर श्री सिंह ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी व सेल्समैन को निर्देश दिए है कि सभी हितग्राहियों को उसी माह में शत प्रतिशत खाद्यान्त्र प्राप्त हो सकें कि व्यवस्थाएं क्रियान्वित की जा रही है। अतः किसी भी हितग्राही को इस माह का खाद्यान्न अगले माह प्राप्त होगा। ऐसी परिस्थितियां कहीं भी नजर नहीं आना चाहिए। उन्होंने कनिष्ठ आपूर्ति को निर्देशित किया है कि समय पर खाद्यान्न का उठाव कर पात्रताधारियो को समय पर खाद्यान्न मिले के शत प्रतिशत प्रबंध समय सीमा में पूरे करें।

### ग्राम रूसिया में शिविर व उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कुरवाई जनपद पंचायत के ग्राम रूसिया में पीएम जनमन योजना के तहत आयुष्मान आरोग्यम मंदिर में जारी स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर सीएचओ के द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में क्रियान्वित बिन्दुओं की जानकारी प्राप्त की। उनके द्वारा बतलाया गया कि डिलेवरी पाइंट पर अब तक दो डिलेवरी हुई है। महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु क्रियान्वित पैरामीटरो के अनुसार संपादित होने वाले कार्यो की जानकारी दी है। शिविर में मौजूद सहरिया जनजाति की आवेदिका लक्ष्मीबाई ने बताया कि उनकी बेटी जमना बाई की शादी मुंगावली में हुई है डिलेवरी यही कराना चाहते है किन्तु कार्ड संबंधी प्रक्रिया संपादित नही हो पा रही हैं ततसंबंध में कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश देते हुए मुंगावली के स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से तमाम आवश्यक कार्यवाहियां ऑन लाइन संपादित कराकर हितग्राही को ग्राम रूसिया में ही हितलाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने एसडीएम को सम्पूर्ण प्रकरण पर नजर रखते हुए कार्यो का त्वरित संपादन कराने हेतु ताकिद किया है।

सरकार के लाखों रूपए गए पानी में

# भ्रष्टाचार की खुली पोल, सीजन की पहली तेज बारिश में फूटे दो अमृत सरोवर तालाब

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



गुरुवार रात्रि हुई इस बार की पहली तेज बारिश भी नदी नाले उफान आ गए वाटर सेट योजना के दो अमृत सरोवर तालाब फूटने की खबर सामने आई है। ग्राम पंचायत सरेखो में तीन अमृत सरोवर बनाए गए थे। जिनमें से दो अमृत सरोवर रात में हुई बारिश में फूट गए हे। जिनका निर्माण कार्य वाटर शेड योजना के तहत लागभग 85 लाख रुपए से सरेखोह पंचायत में काम हुए हे। सरेखोह के सरपंच अनिल यादव देश के सबसे युवा सरपंच हे। इनके जल संरचना के लिए किए गए काम को काफी सराहा गया था। इंदौर आई आईएम के छात्र और दिल्ली से टीमें इनका भ्रमण करने आई थी। आज यहां तालाब बह गए है।

वाटर शेड योजना के इंजीनियर ने कहा कि पानी ज्यादा गिरने की वजह से ओवर फ्लो हुआ और तालाब क्षतिग्रस्त हो गए। अमृत सरोवर योजना के एक तालाब की कीमत 15 लाख रुपए से अधिक होती है। यह दोनों तालाब करीब 40 लाख की लागत से बने थे। निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हुए।

### अच्छी उम्मीदें बढ़ी

गुरुवार की रात्रि में हुई बारिश के बाद किसानों के चेहरे खुल गए दूसरी ओर अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र के नदी नाले उफान पर आने से इनका शहर से संपर्क काट गया दूसरी ओर केथन डेम की जलस्तर में भी वृद्धि देखने को मिली है यह इस साल की सबसे अधिक बारिश एक दिन में दर्ज हुई है इस तरह की बारिश वाले दिनों में होती है तो डेम भर जाएगा तेज बारिश के बाद गर्मी से भी राहत मिल गई।

# विधायक ने जनता दरबार लगाकर सुनी समस्याएं, किया समाधान



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

आनंदपुर में सियाराम बाबा सिद्ध आश्रम आमझिर में सिरोंज विधायक उमाकान्त शर्मा ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया। दरअसल यह दरबार आनंदपुर और उनारसीकला मण्डल के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगाया गया था। गौरतलब है कि सिरोंज विधायक लोगों से सीधे जुड़ने और उनकी समस्याओं को सुनने के लिए अक्सर जनता दरबार का आयोजन करते है। इस जनता दरबार मे जनता ने जिस अधिकारी की शिकायत कर डाली तो मानो उस अधिकारी कर्मचारी की फजीहत तय है। गुरुवार को सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा जनता दरबार लगाने आमझिर आश्रम पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने उनका धूमधाम से स्वागत किया। इस दौरान विधायक श्री शर्मा द्वारा संत श्री 1008 पुरूषोत्तम दास महाराज का आशीर्वाद लिया, ततपश्चात कन्या पूजन कर शिविर का शुभारंभ किया। जनता दरबार में विधायक उमाकांत शर्मा ने आमझिर आश्रम पर पचास लाख रुपए की लागत घाट निर्माण, टीनसेट का निर्माण कराने की बात कही है। शिविर में स्थानीय अधिकारियों की उपस्थिति में आनंदपुर मंडल के कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ बैठकर उनकी समस्याओं का समाधान किया।

# सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है कुशवाह समाज: विधायक शर्मा



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कुशवाह समाज के द्वारा शुक्रवार को विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो कि क्षत्री चौराहे से प्रारम्भ हो कर कस्टम, कठाली, बाजार, ढाल बाजार,मुख्य बाजार, चांदनी चौक, कोर्ट गेट, नगरपालिका, बाजरिया से होती हुई मंडी स्थित, बीजसन माता मंदिर पर सम्पन्न हुई। जिसमें समाज के द्वारा भगवान लव कुश की सजावट के साथ झांकियां बनाई गई थी जो कि पूरे नगर में आकर्षण का केंद्र रही, साथ शोभा यात्रा में सबसे आगे डीजे पर समाज की युवा नाचते गाते थिरकते हुए चल रहे थे, उसके बाद अखाड़े का प्रदर्शन अंत में भगवान श्री लव कुश के सुमधुर भजनों पर बाल कलाकारों के द्वारा भगवान राम के चरित्र का बखान करते हुऐ नृत्य किया जा रहा था।

विधायक उमाकांत शर्मा ने किया स्वागत - कुशवाहा समाज के द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा का अनेक सामाजिक संगठन, राजनीतिक संगठन एवं क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर समाज के द्वारा विधायक श्री शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।युवाओं ने किया अखाड़े का प्रदर्शन - कुशवाहा समाज के द्वारा निकाली गई शोभायात्रा के दौरान समाज के युवाओं के द्वारा लाठी एवं तलवार चलकर अखाड़े का प्रदर्शन किया।

मेट्रो एंकर

कलेक्टर ने भ्रमण कर जायजा लिया

# पीएम जनमन योजना के शिविरों का शुरू हुआ आयोजन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पीएम जनमन योजना के तहत चिन्हित सहरिया जनजाति वर्ग के नागरिकों को हितलाभों से लाभांवित कराने के उद्धेश्य से जारी कार्यक्रम के अनुसार विदिशा जिले में भी शिविरो का आयोजन ग्राम स्तरों पर शुरू हुआ है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज जिले के विभिन्न ग्रामो में पहुंचकर शासन के क्रियान्वित इस महत्वपूर्ण अभियान का धरातलीय जायजा लिया है। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक एवं जिला पंचायत सीईओ भी साथ मौजूद रहें।

कलेक्टर श्री सिंह ने भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक सुविधाओं के अलावा हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों और ग्रामीणजनों से संवाद कर उसकी मूलभूत समस्याओं से अवगत होकर निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश विभागो के अधिकारियों को देते हुए की गई पहल व प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

करारिया लश्करपुर की शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में पहुंचे अध्ययापन कार्यो का जायजा - कलेक्टर श्री सिंह ने विदिशा तहसील के ग्राम करारिया लश्करपुर की शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों के अध्ययापन कार्यो का जायजा स्वंय विद्यार्थी बनकर लिया। कलेक्टर श्री सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने विद्यार्थियों की अंतिम लाइन की खाली बेंच पर



बैठकर कक्षा नौंवी की विद्यार्थियों के साथ जीवन विज्ञान की क्लास में कोशिकाओं और ऊतको के संबंध में शिक्षिका द्वारा दिए जा रहे लेक्चर को बारीकी से सुना है। चेप्टर समाप्ति के उपरांत कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके अध्यापन कार्यो की गुणवत्ता का जायजा लिया वही भविष्य में क्या बनना चाहते है कि जानकारी विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरो के माध्यम से जानी है वहीं छात्राओं से विद्यालय तक आने जाने में कहीं कोई दिक्कत तो नहीं हो रही है कि जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री सिंह ने छात्राओं से कहा कि वे निर्भीक होकर पढाई कर जिले का नाम रोशन करें। स्कूल आने-जाने के दौरान कभी भी अकेले आवागमन ना करें सभी सहेलिया एक साथ आएं-जाएं, ताकि कही कोई किसी भी प्रकार से आपको भयभीत ना कर सकें। यदि कहीं कोई किसी भी प्रकार से अवरोध उत्पन्न करता है तो अविलम्ब घर में या स्कूलो में गुरूजनो को जानकारी अवश्य दें।

कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय में संचालित होने वाली स्मार्ट क्लास रूमो में पहुंचकर ऑन लाइन पावर प्रेजेन्टेशन के माध्यम से कराए जाने वाले अध्यापन कार्य को भी देखा और यहां बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियो से संवाद कर ऑन लाइन पढाई और गुरूजन के द्वारा ली जाने वाली क्लास के संबंध में क्या अंतर समझते है को चर्चा कर जाना। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि ऑन लाइन क्लासो के माध्यम से ज्ञानवर्धक ऐसी चीजे बताई जाती है जो कई बार शिक्षकगण बता नहीं पाते है। उन्होंने मेहनत कर बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा स्थान हासिल कर जिले के साथ-साथ परिवार को गौरवान्वित करने की अपेक्षाएं अभिव्यक्त की है।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नटेरन जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत दीघौनी के ग्राम खेजडातिला में पहुंचकर पीएम जनमन शिविर के तहत संपादित किए जाने वाले कार्यो खासकर हितग्राहियों की समग्र आईडी, आयुष्मान कार्ड, ईकेवायसी जैसे महत्वपूर्ण कार्य मौके पर संपादित हो रहे है कि नहीं को जाना है। कलेक्टर श्री सिंह ने शिविर में मौजूद सीएससी सेन्टरो के प्रतिनिधियों से सम्पूर्ण प्रक्रियाओं का संपादन कैसे करते है कि जानकारियां बारीकी से प्राप्त की। यहां आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मौजूद चिकित्सक के द्वारा नीति आयोग के द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य संबंधी छह पैरामीटरो के क्रियान्वयन हेतु किए गए प्रबंधो और लाभांवित होने वाले हितग्राहियों की संख्यात्मक जानकारियों से अवगत कराया है।


**कार्यालय थाना प्रभारी थाना ऐशबाग, जिला भोपाल**

फोन नं. : 0755-2677353, ई मेल : psaishbagh@gmail.com

**जाहिर सूचना / पम्पलेट**



**थाना ऐशबाग भोपाल मर्ग क्रमांक 12/ 2024**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 16/03/24 को सूचक सूचक सीएमओ डाक्टर सीएमओ डाक्टर अटेंडर डॉ. अक्षय शासकीय जय प्रकाश अस्पताल भोपाल ने जरिये टेलीफोन सूचना दिया कि दिनांक 16-03-/24 को 14.05 बजे के लगभग 108 एमब्यूलेंस रजि क्र. MP-04-PG-1627 का स्टाफ एक अज्ञात पुरूष उम्र करीब 35 वर्ष को इलाज हेतु लेकर आये जिन्होंने बताया कि पेशेन्ट प्रभात चौराहा सीएट टायर शोरूम के पास बीमार अवस्था में मिला है जिसे इलाज हेतु लेकर आये जिसे डाक्टर द्वारा चेक किया गया जो मृत पाया गया जिकसा हुलिया सिर के बाल बड़े व काले सफेद, चेहरा लंबा, दाढ़ी बढ़ी हुई, सफेद रंग की टीर्श पहने है। जिसका PMLC NO. 62037/24 है सूचक की सूचना पर मर्ग क्र. 12/24 धारा 174 दं.प्र.सं. का कायम कर जांच में लिया गया है। अतः मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीब 35 वर्ष के वारिसानी की पतारसी तथा उक्त मृतक अज्ञात पुरूष की शिनाख्तगी के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त होती है तो थाना ऐशबाग के दूरभाष क्रमांक- 0755-2751761, 9479990521, 7587601723 (जांचकर्ता) पर सूचित करने का कष्ट करें।

**हुलियाः**-रंग गेहुंआ, **चेहरा** - लंबा, **कद**- 05.06 फीट लगभग, **बदन**- दुबला पतला, **पहनावा**- सफेद रंग की टी शर्ट गहरे मेंहदी रंग का पेन्ट। **अन्य पहचान व किसी प्रकार का गुदना चिन्ह, तिल**- दाहिने हाथ पर असमी ॐ, बाप किसनलाल, मां नन्दकुवर गुदा है।

**थाना प्रभारी**
**थाना ऐशबाग, भोपाल**

G-15232/24

## राजधानी में अब तक इस महीने लूटपाट की हो चुकी हैं 10 वारदातें

# पिपलानी में कॉलेज छात्र का बदमाशों ने मोबाइल छीना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पिपलानी पुलिस ने लूटपाट की एक घटना के करीब सप्ताह बाद रिपोर्ट दर्ज की है। स्कूटर सवार बदमाशों ने पिछले शनिवार को एक युवक का 20 हजार रुपए का मोबाइल फोन छीना था। इस महीने अब तक लूटपाट की कुल 10 वारदातें हो चुकी हैं.



पुलिस सूत्रों के मुताबिक बी-सेक्टर इंद्रपुरी पिपलानी में रहने वाला चंदन पवार कालेज छात्र है। बीती 17 अगस्त की रात करीब साढ़े नौ बजे वह मोहल्ले में टहल रहा था। इसी बीच स्कूटर पर सवार होकर पहुंचे दो बदमाश उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर भाग निकले। पुलिस ने इस मामले में दो संदेहियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है. बताया जाता है कि आरोपियों से लूटपाट और छीनाझपटी की कई अन्य वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है। इसके पहले टीटी नगर स्थित 74 बंगला और पत्रकार कालोनी, एमपी नगर स्थित गायत्री मंदिर के पास, हनुमानगंज में हमीदिया रोड तथा चूनाभट्टी में हुई मोबाइल लूट की घटनाओं का खुलासा नहीं हो पाया है।

## मनचले के डर से छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ा




**भोपाल।** हबीबगंज पुलिस ने एक स्कूली छात्रा की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी के डर से पीड़िता ने स्कूल जाना बंद किया तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस के मुताबिक शाहपुरा इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी हबीबगंज स्थित एक स्कूल में बारहवीं कक्षा में पड़ती है। उसी के इलाके में रहने वाला विक्की नामक युवक कई महीनों से छात्रा का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। वह आते-जाते फब्तियां कसता था और दोस्ती के लिए दबाव बना रहा था। आरोपी के डर से छात्रा ने पिछले महीने से स्कूल जाना बंद कर दिया। कई दिनों तक वह स्कूल नहीं गई तो परिजनों ने पूछताछ की, जिसके बाद उसने विक्की की हरकतों को बारे में बताया। गुरुवार शाम को परिजन लड़की को लेकर हबीबगंज थाने पहुंचे, जहां उसने विक्की के खिलाफ छेड़छाड़ समेत विभिन्न धाराओं के तहत शिकायत दर्ज कराई।

## छेड़छाड़ के आरोपी ने युवती को भेजा अश्लील वीडियो



**भोपाल।** बैरसिया पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ घर में घुसकर पुराना केस वापस लेने की धमकी देने और अश्लील वीडियो बनाकर भेजने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी काफी दिनों से युवती को परेशान कर रहा था। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 34 वर्षीय युवती घर पर ही रहती है। पिछले साल उसने यशवंत गिरी नामक युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज करवाया था। आरोपी यशवंत काफी दिनों से केस वापस लेने के लिए युवती पर दबाव बना रहा था। बीती आठ अगस्त को उसने घर में घुसकर युवती के साथ गाली-गलौज की और केस वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी दी। युवती ने जब उसकी बात नहीं मानी तो बाद में उसने युवती को अश्लील वीडियो भेज दिया। इसमें उसने युवती के फोटो का इस्तेमाल किया था। परेशान होकर पीड़िता ने गुरुवार को थाने जाकर उसके खिलाफ दोबारा से घर में घुसकर धमकाने, गाली-गलौज करने और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज करवा दिया।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा जिलाबदर बदमाश

**भोपाल।** गांधी नगर पुलिस ने जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ रासुका की कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी एजाज उर्फ छोटे (38) टैगोर वार्ड गांधी नगर का रहने वाला है। आपराधिक गतिविधियों के चलते उसे पिछले महीने जिलाबदर किया गया था। आरोपी को तीन महीने तक जिला भोपाल और उससे लगे सीमावर्ती वाले जिलों से बाहर रहने के आदेश दिए गए थे। गुरुवार रात सूचना मिली कि जिलाबदर बदमाश अपने घर आया हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आदेश का उल्लंघन करने पर आरोपी के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की गई है।

## अंतरिक्ष दिवस पर सेमिनार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** रिजनल साइंस सेंटर में अंतरिक्ष दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया

## पुलिस आयुक्त ने की शिकायतों की समीक्षा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणाचारी मिश्र ने शुक्रवार को शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन तथा अन्य कार्यालयों से मिलने वाली शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। सभी थानों में सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के निराकरण के लिए आवश्यकत दिशा निर्देश दिए। इस दौरान शिकायतों का निराकरण और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया। समीक्षा बैठक पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में बुलाई गई थी। बैठक में पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में थानों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अश्लील वीडियो लिंक भेजकर जाल में फंसाने वाले ऑनलाइन ठगों से सावधान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** साइबर फ्राड ठगी के लिए अलग-अलग ऐप्स और लिंक का उपयोग कर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। जालसाज लोगों के मोबाइल और सोशल मीडिया पर लुभावना ऑफर देकर लिंक भेज रहे हैं। लिंक पर क्लिक करते ही अश्लील फिल्म चलने लगती है। जब तक आप इसे बंद करते हैं, तब तक जालसाज आपकी सोशल मीडिया प्रोफाइल में जाकर आपका डाटा, फोटो आदि एक्सेस कर लेते हैं। बाद में आपकी और आपके परिवार के फोटो का अन्य ऐप के माध्यम से अश्लील फोटो बनाकर आपको भेजकर ठगी करते हैं। हाल ही में कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं, जिसमें जालसाजों द्वारा लिंक भेजकर सेक्स रैकेट में फंसाने के नाम पर ब्लैकमेल किया जा रहा है। साइबर क्राइम पुलिस ने ऐसे मामलों में एडवाइजरी जारी कर लोगों को आगाह किया है। जालसाज के मोबाइल पर डाटा फारवर्ड-हाल ही में एक नए प्रकार का मोबाइल फ्रॉड सामने आया है। इसको लेकर साइबर क्राइम पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है।

**मेट्रो एंकर** राजधानी में नहीं थम रही चोरी की वारदात, पुलिस के हत्थे नहीं लग रहे चोर

# कार्यपालन यंत्री के घर दिनदहाड़े चोरी, नगदी और जेवरात पर हाथ किया साफ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमला नगर में रहने वाले एक कार्यपालन यंत्री के घर दिनदहाड़े बदमाशों ने धावा बोला और नकदी तथा जेवरात समेत करीब 60 हजार का सामान चोरी कर ले गए। कई अन्य स्थानों से भी हजारों के जेवरात और सामान चोरी हुआ है। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार किशोरचंद बोरले (59) गीतांजलि काम्प्लेक्स कमला नगर में रहते हैं। वह नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अरेरा हिल्स भोपाल में कार्यपालन यंत्री हैं। गुरुवार सुबह करीब साड़े बजे किशोर घर पर ताला लगाकर कार्यालय चले गए थे, जबकि दोनों बच्चे बाजार गए थे। करीब दो घंटे बाद बच्चे घर पहुंचे तो ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। किशोर ने मौके पर जाकर देखा तो अलमारी के लाकर में रखे 10 हजार रुपए नकद और सोने के जेवरात समेत करीब 60 हजार का सामान गायब था। इधर हबीबगंज थानांतर्गत माचना कालोनी और सहारा स्टेट मिसरोद स्थित सूने मकानों से चोर हजारों रुपये के जेवरात और सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने मनीष अग्रवाल और अशोक कुमार की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया है। दोनों ही स्थानों से चोरी गए सामान की सूची नहीं मिल सकी है।



## घर के सामने खड़ी छात्र की स्कूटर चोरी

**भोपाल।** हनुमानगंज में घर के सामने खड़ी एक छात्र की स्कूटर चोरी चली गई। अन्य स्थानों से भी दोपहिया वाहन चोरी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक मो. शाकिब उर्फ सलमान (23) न्यू कबाडखाना बैरसिया रोड पर रहता है और पड़ाई करता है। उसने अपनी स्कूटर घर के सामने खड़ी की और अंदर चला गया। अगले दिन देखा तो स्कूटर नहीं थी। आसपास तलाश करने के बाद भी जब स्कूटर नहीं मिली तो थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर अरेरा कालोनी हबीबगंज से दीपक विश्वकर्मा, औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन से अमित ठाकुर, एमपी नगर जोन क्रमांक-2 से वीरेंद्र महेरिया की बाइक चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### वारदात के बाद विदिशा सिविल लाइन पुलिस के चढ़े थे हत्थे

# प्रॉपर्टी डीलर के फ्लैट में घुसकर गोली मारने वाले तीन आरोपियों को घटनास्थल पर लेकर पहुंची पुलिस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित शालीमार अपार्टमेंट में घर में घुसकर प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारने वाले तीन आरोपियों को हनुमानगंज पुलिस शुक्रवार रात घटनास्थल पर लेकर पहुंची। इसके बाद वीआईपी रोड पर करबला के पास से तीनों का जुलूस निकाला गया। उल्लेखनीय है कि उक्त मामले में पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। जबकि तीन आरोपियों में फिरोज बाबा, शाहिद इटारसी, आदिल बच्चा फरार थे। विदिशा की सिविल लाइन पुलिस ने दावा किया था कि उनकी गिरफ्तारी की गई, जबकि सूत्र बताते हैं कि उन्होंने खुद ही सरेंडर किया था। जानकारी के अनुसार पुलिस के अनुसार गोलू उर्फ शफीक शालीमार अपार्टमेंट कोहेफिजा में परिवार के साथ रहता है। शफीक प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है। 3-4 अगस्त की रात करीब तीन बजे वह पत्नी के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था, तभी पांचों आरोपियों ने मारपीट करते हुए उस पर फायर कर दिया था। गोली उसे जांघ में लगी थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की। इस दौरान पता चला कि आरोपियों को विदिशा सिविल लाइन में अगले ही दिन गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी फिरोज बाबा, शाहिद इटारसी, आदिल बच्चा जेल में थे। जेल से पुलिस तीनों को रिमांड पर लेकर आई और घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण के बाद पुलिस ने तीनों का जुलूस निकाला था।

# कार्रवाई: आबकारी टीम ने कई स्थानों से जब्त की अवैध शराब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



आबकारी विभाग द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया के नेतृत्व में गठित टीम ने शहर के कई इलाकों में दबिश देकर हजारों रुपए की अवैध शराब जब्त की है। अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलने के बाद खजूरी सड़क इलाके पहुंची आबकारी टीम ने साजिद खान से 50 पाव, दीप रेस्तरां में नीरज चौहान से 29 पाव और पांच केन बीयर, गांधी नगर इलाके में सिंगार चोली ब्रिज के पास बाबू सिंह से 12 पाव अवैध शराब जब्त की। इसी प्रकार शहीद नगर में लक्ष्मीबाई से 15 पाव शराब जब्त हुई। खजूरी सड़क इलाके के कई ढाबों बर भी विभाग की टीम ने दबिश देकर सर्चिंग की। इधर पिपलानी इलाके में अभिजीत से 12 पाव तथा बरखेड़ा पठानी स्थित खंडहर मकानों से 102 पाव देशी और अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस दौरान आरोपी मौके से भाग निकले, जिसके चलते अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में जिले का कार्यपालिक बल, मुख्य आरक्षक, आरक्षक एवं होमगार्ड के जवान शामिल रहे।

## अवैध शराब के साथ चार तस्कर पकड़ाए

**भोपाल।** अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ भोपाल पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों में एक महिला भी शामिल है।



पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि बैरागड़ कला स्थित मंदिर के पास एक महिला अवैध शराब बेच रही है. मौके पर पहुंची पुलिस ने रामकली मीना (60) के पास अवैध रूप से रखी पांच हजार रुपये की शराब जब्त की। इसी प्रकार खजूरी सड़क पुलिस ने राजीव नगर टपरा के पास लक्ष्मण मालवीय के पास अवैध रूप से रखी दो हजार रुपए की शराब जब्त की है। इसी प्रकार छोला मंदिर पुलिस ने कैंची छोला इलाके से हर्ष लोधी से डेड़ हजार रुपए और तलैया थाना पुलिस ने केवड़े वाले बाग के पास लक्की विश्वकर्मा से बारह सौ रुपए की अवैध शराब जब्त की। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

## कनेक्शन काटा तो उपभोक्ता ने एई को दी मारने की धमकी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बिजली कंपनी के भानपुर जोन में बिजली बिल बकाया होने पर जब कनेक्शन काटा तो उपभोक्ता ने कंपनी कार्यालय पहुंचकर एई को देख लेने और जान से मारने की धमकी दे दी। मामले में बिजली कंपनी के एई महेश कोली ने थाने में आवेदन देकर एफआइआर की मांग की है। मामला शुक्रवार देर शाम का है। दिन में यहां उपभोक्ता शिवकुमार गौर के यहां का बिजली कनेक्शन काट दिया गया। इस पर करीब 25 हजार रुपए बिल बकाया था। कार्रवाई के बाद शाम को एई महेश कोली अपने कार्यालय में बैठे थे। गौर कार्यालय में पहुंचे और जान से मारने की धमकी दी। एई कोली ने बताया, उन्होंने इसकी शिकायत थाने में कर दी है। शुक्रवार को जोन के मालीखेड़ी क्षेत्र में अवैध कॉलोनी प्रेमसिटी में बिजली के 11 अवैध कनेक्शन भी काटे। ये सीधी हेकड़ी से बिजली का उपयोग कर रहे थे।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022